ज्ञानामृत

दूसरों को दण्ड देना सहज है, किन्तु उन्हें क्षमा करना और उनकी भूल सुधारना अत्यधिक कठिन कार्य है।

▶▶ भगवान महावीर स्वामी

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, बुधवार, 09 जुलाई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 185 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### रायपुर जा रही इंडिगो फ्लाइट की इंदौर में कराई इमरजेंसी

**विजय मत, इंदौर/रायपुर।** इंदौर से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट (सिक्स-ई-7295, एटीआर) को मंगलवार सुबह तकनीकी खराबी के बाद देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे पर इमरजेंसी




लैंडिंग करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि सुबह 6:30 बजे उड़ान भरने के लगभग आधे घंटे बाद विमान में फॉल्स अलार्म के संकेत मिलने लगे। इसके बाद पायलट ने एहतियातन फ्लाइट को वापस इंदौर लाने का फैसला किया। सुबह करीब 7:15 बजे विमान सुरक्षित रूप से इंदौर एयरपोर्ट पर उतर गया। इस दौरान विमान में सवार यात्री घबराए हुए थे, हालांकि सभी यात्री सुरक्षित हैं। तकनीकी जांच के बाद इस उड़ान को रद्द कर दिया गया और यात्रियों को टिकट का पैसा वापस लेने या बुकिंग रीशेड्यूल करने के विकल्प दिए गए हैं।

### चुनाव आयोग की दो टूक, कहा- यह पूरी तरह समावेशी प्रक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग पर तगड़ा हमला बोला है। इस बीच चुनाव अधिकारियों ने




मंगलवार को कहा कि यह प्रर्ि या पूरी तरह समावेशी है। इसमें सक कुछ समाहित किया गया है। इसे लेकर लगाए जा रहे सभी आरोप बेबुनियाद और बेतुके हैं। दरअसल, विपक्ष ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग पर हमला तेज कर दिया है। उनका कहना है कि इससे करोड़ों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी सोमवार को बिहार में मतदाता सूची संसोधन या गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी।

### हरे निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** बैंकिंग और चुनिंदा आईटी शेयरों में हुई खरीदारी के साथ-साथ एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख से मंगलवार को बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 270 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स




270.01अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 491.36 अंकों की तेजी के साथ 83,812.31 का उच्चतम और 83,320.95 का न्यूनतम स्तर छुआ। इसमें 18 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 25,522.50 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार में अधिकांश समय सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन बंद होने से पहले के सत्र में खरीदारी का दौर शुरू हो गया।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटनाः जांच दल ने सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने मंगलवार को अहमदाबाद में 12 जून 2025 को हुई एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 की दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को सौंप



दी। हिंदुस्तान टाइम्स ने इस बात को रिपोर्ट किया है। यह दुर्घटना, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई, भारत में पिछले तीन दशकों की सबसे घातक विमान दुर्घटना थी। लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाली बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ान के 32 सेकंड बाद ही अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 2 किलोमीटर दूर बी.जे. मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के हॉस्टल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति, 40 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक विश्वास रमेश, जीवित बचे।

## नकली खाद व कीटनाशक पर बनेगा सख्त कानून : शिवराज

**विजय मत, रायपुर**



छत्तीसगढ़ के शिमला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में देश के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए बड़े ऐलान किए। शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि सरकार किसानों को उन्नत बनाने और कृषि के संरक्षण हेतु दृढ़ नीतियों पर कार्य कर रही है। नकली खाद और कीटनाशक के खिलाफ कठोर कानून लाया जाएगा ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके।

कृषि मंत्री ने कहा कि नकली खाद और कीटनाशकों की बिक्री से देश के करोड़ों किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, अब ऐसे तत्वों पर केवल जुर्माना नहीं लगेगा, बल्कि कठोर दंडात्मक कानून लागू किया जाएगा। जो कोई भी नकली खाद या कीटनाशक के व्यापार में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान कानून में जुर्माना अपेक्षाकृत हल्का है, जिससे अपराधियों में डर नहीं है। लेकिन नया कानून इन अपराधों को गंभीर मानकर कठोर दंड सुनिश्चित करेगा।

### किसानों की सेवा, ईश्वर की पूजा के समान

अपने उद्बोधन में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सेवा करना हमारे लिए ईश्वर की पूजा के समान है। केंद्र सरकार किसानों को जलवायु आधारित फसल योजना से जोड़ने की दिशा में राज्यों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। जिन क्षेत्रों में पैदावार कम होती है, वहां की जलवायु और मिट्टी के अनुसार उपयुक्त फसलें चिन्हित की जाएंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार या समझौते में शामिल होगा तो केवल तभी, जब उसके जरिए देश के किसानों और कृषि व्यवस्था को लाभ हो। किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**जलवायु-आधारित खेती पर विशेष बल...** शिवराज सिंह चौहान ने यह भी कहा कि देशभर में कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से उबारने हेतु केंद्र सरकार विशेष पहल कर रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जलवायु और संसाधनों के अनुरूप फसलों की वैज्ञानिक रूप से पहचान की जाएगी। इससे न केवल उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी में भी वृद्धि होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार कृषि को केवल खेती तक सीमित नहीं देखती, बल्कि ग्रामीण विकास, खाद्य सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत अभियान का भी आधार मानती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### मांदर के थाप संग झूम उठे जनप्रतिनिधि...



**विजय मत, रायपुर।** "शिमला (छत्तीसगढ़) में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय सांसद्ङ्कविधायक प्रशिक्षण वर्ग के दौरान मांदर की थाप पर थिरकते हुए छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं अन्य जनप्रतिनिधि। मुख्यमंत्री साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स यह फोटो शेयर करते हुए लिखा- बड़ सुघ्घर हे हमर संस्कृति अउ परंपरा...। "सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग" म जनप्रतिनिधी संगवारी मन संग मांदर के थाप।

### खूंखार इनामी नक्सली के मारे जाने पर मुख्यमंत्री ने जवानों के शौर्य को किया नमन

## छत्तीसगढ़ में अंतिम सांसें गिन रहा नक्सलवादः सीएम साय

**विजय मत, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पुलिस और सुरक्षाबलों के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। नेशनल पार्क में हुई मुठभेड़ में 8 लाख का इनामी नक्सली कन्ना मारा गया है। इस मामले में प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर लिखा कि बस्तर के बीजापुर में माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के 8 लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना को न्यूट्रलाइज किया जाना, हमारे सुरक्षा बलों की




सटीक रणनीति, अदम्य साहस और जनसहभागिता का जीवंत उदाहरण है। हमारे सुरक्षाबलों के शौर्य को नमन करता हूँ, जिनकी निरंतर और निर्णायक कार्रवाइयों ने नक्सल संगठन की रीढ़ तोड़ दी है। अब नक्सलवाद अंतिम साँसें गिन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने का मिशन निर्णायक दौर में है।

### केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने किया साफ

## जंगलों में अब स्कूल-सड़कों के लिए नहीं लेनी होगी वन विभाग से मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने एक अहम कदम उठाते हुए पर्यावरण मंत्रालय को स्पष्ट कर दिया है कि वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) की धारा 3(2) के तहत आदिवासी और अन्य पारंपरिक वन निवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं 'जैसे स्कूल, सड़क, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र' के निर्माण के लिए अब वन्यजीव मंजूरी आवश्यक नहीं है। हालांकि, ग्राम सभा की सिफारिश अनिवार्य रूप से ली जानी होगी।

पर्यावरण मंत्रालय ने 2 जुलाई को एफआरए की धारा 3(2) को लेकर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा था। यह धारा जंगल में रहने वाले समुदायों को सीमित क्षेत्र में आवश्यक निर्माण की अनुमति देती है। इससे पहले, अक्टूबर 2020 में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा था कि ऐसे कार्यों के लिए वन्यजीव अधिनियम, 1972 के तहत मंजूरी आवश्यक होगी। लेकिन अब जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा है कि स्न्नक्र संविधान की पांचवीं और छठी अनुसूचियों के तहत प्राप्त अधिकारों की रक्षा करता है और उसके कार्यान्वयन में वन्यजीव अधिनियम बाधक नहीं बन सकता।

### कई वर्षों से अटकी थीं ग्रामीण परियोजनाएं

विशेषज्ञों के अनुसार, पर्यावरण मंत्रालय के 2020 के पत्र को आधार बनाकर कई राज्यों के वन विभागों ने स्कूल, सड़क और स्वास्थ्य केंद्र जैसी परियोजनाओं को रोक दिया था, जिससे वन गांवों का विकास रुक गया था। अब इस स्पष्टीकरण के बाद राज्यों को इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सुविधा होगी।

### लेकिन उठ रहे हैं कुछ गंभीर सवाल

यह फैसला आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिहाज से स्वागतयोग्य है, लेकिन इसके कुछ संभावित नकारात्मक प्रभाव भी सामने आ रहे हैं...

**वन्यजीवों के आवास पर संकट...** बगैर वन्यजीव मंजूरी के निर्माण कार्य शुरू होने से वन्यजीवों के प्राकृतिक गलियारों में हस्तक्षेप हो सकता है। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएँ बढ़ सकती हैं।

**पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने की आशंका...** सड़क या अन्य परियोजनाओं से वन कटाई, मिट्टी क्षरण, और जल संसाधनों पर दबाव बढ़ सकता है, खासकर तब जब इनका कोई विस्तृत पर्यावरणीय मूल्यांकन नहीं किया गया हो।

**ग्राम सभा प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव...** कई क्षेत्रों में ग्राम सभाएं कागजों पर होती हैं या उनका संचालन स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के दबाव में होता है। इससे भ्रष्टाचार और जन भावनाओं की अनदेखी की आशंका बनी रहती है।

**बुनियादी सुविधा के नाम पर दुरुपयोग...** विशेषज्ञों को आशंका है कि कुछ निजी कंपनियां या राज्य सरकारें इस नीति का लाभ उठाकर "स्कूल-सड़क" के नाम पर खनन या उद्योगों को वन भूमि में प्रवेश दिला सकती हैं।

**नीति का अस्पष्ट क्रियान्वयन...** अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि कौन-सी परियोजनाएं धारा 3(2) के दायरे में आएंगी। इससे प्रशासनिक भ्रम और अधिकारियों के स्तर पर भिन्न-भिन्न व्याख्याएं हो सकती हैं।

### देश में अब तक 254एमएम बारिश, 15 प्रतिशत ज्यादा

## अनूपपुर में कार बही, चार की गई जान

**विजय मत, नई दिल्ली/भोपाल**



देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई। इसमें पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में बीते 6 दिन में तेज बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लापता हैं। हालांकि, अब मौसम सामान्य हो गया है। वहीं, उत्तराखंड के पीपलकोटी में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया है।

### दमोह में भारी बारिश, नाले उफान पर

दमोह के जबेरा में घुटकुआ नाला उफान पर है, जिससे कई गांव का संपर्क टूट गया है। लेकिन स्कूली बच्चे इस उफनते नाले को पार कर स्कूल आ-जा रहे हैं। वहीं कुछ बच्चे यहां पानी में मस्ती करते नजर आए। दमोह में भारी बारिश से बटियागढ़-छतरपुर मार्ग पर जूड़ी नदी का पुल डूब गया है। दमोह-कटनी मार्ग पर पटेरा के पास ब्यारमा नदी का पुल डूबने से यातायात रुक गया है।

### ग्रेटर नोएडा में 4 मंजिला मकान ढहा

ग्रेटर नोएडा के दादरी में रेलवे रोड पर एक निर्माणाधीन 4 मंजिला मकान ढह गया। मकान वीर सिंह का था। बारिश के कारण मकान का निर्माण काम पहले से ही रुका हुआ था। रविवार को हुई तेज बारिश से मकान की नींव में पानी भर गया।

### बैतूल में सतपुड़ा डैम के 7 गेट खोले गए

मध्यप्रदेश में लगातार तेज बारिश की वजह से नर्मदा समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं।

### सीजेआई गवई बोले- बाबासाहब ने कहा था-

## न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने मंगलवार को कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने संविधान सर्वोपरि की बात की थी। उनका मानना था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए। यानी न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए।



दरअसल, महाराष्ट्र विधानमंडल की ओर से शीर्ष न्यायिक पद पर पदोन्नत होने पर सीजेआई को सम्मानित किया गया। वे इास दौरान ही कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई गवई ने विधानमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है। न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए।

## एशिया की सबसे बुजुर्ग हथनी वत्सला की मौत



**विजय मत, ब्यूरो पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र हिनौता के अंतर्गत सबसे बुजुर्ग हथनी लगभग 100 वर्ष से अधिक आयु की वत्सला की 8 जुलाई मंगलवार को मृत्यु हो गई। वत्सला को एशिया की सबसे बुजुर्ग हथनी माना जाता है। पन्ना टाईगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वत्सला का अंतिम संस्कार किया गया। वत्सला हथनी पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र रही है। सबसे बुजुर्ग होने से वह पूरे हाथियों के दल का नेतृत्व करती रही है। अन्य मादा हाथी के प्रसव एवं बच्चा होने के उपरांत वह एक नानी अथवा दादी के रूप में अपनी भूमिका निभाती थी।

### टेक इंडस्ट्री में छंटनी को लेकर बोले गिटब के सीईओ डोहमके

## एआई डेवलपर्स की जगह नहीं लेगा, स्मार्ट कंपनियां और ज्यादा रखेंगी इंजीनियर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टेक इंडस्ट्री में हालिया हायरिंग फ्रीज और छंटनियों को लेकर डोहमके ने कहा कि यह सिर्फ बाजार की तेजी से बदलती प्रकृति और अनिश्चितता का परिणाम है। उन्होंने कहा, अगर हमारी कंपनी के कर्मचारी कहते हैं कि वे एआईका उपयोग नहीं करना चाहते, तो इसका मतलब है कि हम सफलता के लिए तैयार नहीं हैं। एआई के तेजी से बढ़ते उपयोग को लेकर जहां एक ओर नौकरियों के खत्म होने का डर है, वहीं गिटब के सीईओ थॉमस डोहमके ने एक अलग ही रुख अपनाया है। उनका मानना है कि एआई डेवलपर्स की नौकरियां नहीं छीनेगा, बल्कि यह सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री को एक नई ऊंचाई तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट




कंपनियां अब इंजीनियरों की संख्या घटाएंगी नहीं, बल्कि उन्हें और ज्यादा हायर करेंगी। उन्होंने कहा, जो सबसे स्मार्ट कंपनियां हैं, वो अब और अधिक डेवलपर्स हायर करेंगी, क्योंकि अगर आप एक डेवलपर की क्षमता को 10 गुना बढ़ा सकते हैं, तो 10 डेवलपर्स 100 गुना काम कर सकते हैं। उनका कहना है कि एआई का उद्देश्य लागत में कटौती करना नहीं, बल्कि कंपनियों को बड़े विचारों को साकार करने और बड़े पैमाने पर निर्माण करने में सक्षम बनाना है।

### विजय मत एंकर

### मेडिकल साइंस में मिली उपलब्धि, ब्लड ग्रुप की चिंता किए बिना भी चढ़ सकेगा खून

## क्रांतिकारी खोज, जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया कृत्रिम रक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दुनियाभर में हर रोज दुर्घटनाओं या आपातकालीन स्थिति में जरूरी खून की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल ऐसे लाखों मरीज सिर्फ इसलिए दम तोड़ देते हैं क्योंकि वक्त पर उन्हें खून नहीं मिल पाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की साल 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, हर साल दुनिया में लगभग 118.5 मिलियन यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन जरूरत के मुकाबले मात्र 87 मिलियन यूनिट रक्त एकत्र हो पाता है। जनवरी 2024 में अमेरिकन रेड क्रॉस ने चिंता जताई कि उसे आपातकालीन रक्त की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पिछले 20 वर्षों में रक्त देने वाले लोगों की संख्या सबसे कम है। इसी तरह से भारत में हर दिन लगभग 12,000 मरीज समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मर जाते हैं। देश में सालाना 15 मिलियन (1.5 करोड़) यूनिट रक्त की आवश्यकता है हालांकि ब्लड डोनेशन कैंप और अन्य माध्यमों से केवल 10 मिलियन (एक करोड़) यूनिट ही प्राप्त हो पाती है। विशेषज्ञों की टीम ने अब इस समस्या का समाधान ढूंढ लिया है। जापानी वैज्ञानिकों ने रक्त की इस कमी को दूर करने के लिए कृत्रिम रक्त यानी आर्टिफिशियल तरह का खून विकसित कर लिया है।

### ब्लड ग्रुप की चिंता नहीं, शेल्फ लाइफ भी बेहतर

रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे असली रक्त के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इतना ही नहीं सबसे खास बात ये है कि इसका उपयोग किसी भी ब्लड ग्रुप के लिए किया जा सकता है और इसे बिना रेफ्रिजरेशन के लंबे समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता है। विशेषज्ञों का मामला है कि यह आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती को दूर करने और लोगों की जान बचाने में काफी मददगार हो सकती है। खबरों के मुताबिक जापान स्थित नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम इस साल एक क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही है।

कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

## सार समाचार

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 66 वाहन चालकों से 23,500 शुल्क वसूल

**बलौदाबाजार/विजय मत।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं नो पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।

### नपाध्यक्ष ने महिला स्वसहायता समूह को किया चेक वितरण

**बलौदाबाजार/विजय मत।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के स्वावलंबी जीवन के लिए छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा 5 लाख रुपये का चेक बंधन महिला स्व सहायता समूह को प्रदाय किया गया। महिला समूह एस.एच.जी. को प्रदाय राशि से आपसी लेनदेन करने एवं प्राप्त राशि से अपने स्वयं का रोजगार संचालित करने व आपस में ऋण का अदान-प्रदान करना है। समूह की महिलाओं के द्वारा छोटे मोटे व्यापार जैसे - ब्यूटी पार्लर, सिलाई कार्य, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, बागवानी, जनरल किराना जैसे कार्यों में उपयोग करती है।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा

**बालोद/विजय मत।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक गत दिनों संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत प्राचार्य आरके वर्मा जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुष चिकित्सालय दिल्ली राजहरा के डॉक्टर अमित द्विवेदी जी तथा पी, डब्लू डी विभाग से निर्मल श्रीवास्तव एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठिका मंजू श्रीवास्तव रहे। बैठक का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना से किया गया । डॉ अमित द्विवेदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और वर्षा ऋतु खानपान रहन-सहन को ध्यान में रखते हुए पेंशनरों को निर्देशित करते हुए कहा, योग का अर्थ जोड़ना होता है, शरीर को स्वस्थ रखना हमारी पहली प्राथमिक आवश्यकता है ,परंतु मन का स्वस्थ रहना भी उससे भी अधिक आवश्यक है,। रहन-सहन, खान-पान, व्यवहार, चरित्र के दूषित होने से हमारे जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है अतः हमें योग से जुड़े रहकर शरीर ,मन व बुद्धि को संतुलित रख सकते हैं ।

### करियर गाइडलाइन कार्यक्रम में अनेक युवाओं ने लिया भाग

**बालोद/विजय मत।** शबरी स्पोर्ट्स क्लब एवं जिला हॉकी संघ बालोद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ₹नई सोच, नई उड़ान करियर गाइडलाइन कार्यक्रम₹ सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को करियर संबंधी उचित मार्गदर्शन देना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना रहा। कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दर्जनों युवाओं ने सहभागिता की और अपने जीवन व करियर के प्रति नए दृष्टिकोण को आत्मसात किया। किशोर कराडे, चीफ एडवाइजर, एलआईसी राजहरा इन सभी वक्ताओं ने युवाओं को विविध क्षेत्रों जैसे खेल, सिविल सेवा, रक्षा, शिक्षा, और निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी और प्रेरित किया कि वे सिर्फ सपने न देखें, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए ठोस प्रयास करें।

### लायंस टॉप टेन प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**राजनांदगांव/विजय मत।** गायत्री स्कूल में आज राजनांदगांव लायंस क्लब द्वारा टॉप-टेन और प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह आयोजन किया गया। इस आयोजन में गायत्री विद्या पीठ के बालक एवं बालिका वर्ग कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं टॉप टेन में आए प्रतिभावान बच्चों को शील्ड, मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में बौद्धिक विकास और शिक्षा के प्रति लगाव के लिए किया गया ताकि सभी बच्चे टॉप टेन बच्चों को देख अपने अंदर की प्रतिभाओं को निखारे और अपने जीवन में सफलता की ओर आगे बढ़े।

पानी भरान क्षेत्र से पानी को कच्ची नाली खोदकर निकासी के दिये निर्देश

# निगम आयुक्त शहर का भ्रमण कर पानी भरान क्षेत्रों का लिया जायजा

**विजय मत, राजनांदगांव**



शासन की मंशानुरूप शहर की ड्रेन व्यवस्था सुचारू रूप से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़ो एवं प्रमुख नालो एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गयी है और वर्तमान में सफाई जारी है। लगातार बारिश होने से आज सुबह निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा पानी भरान क्षेत्रों में बसंतपुर जिला चिकित्सालय, इंदिरा नगर, नंदई, लखोली, जनता कालोनी सहित शहर में भ्रमण किये एवं शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्र के नाली नालों की सफाई का निरीक्षण कर नालो में फसे कचरे निकालने तथा पानी भरान क्षेत्र से कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी के निर्देश दिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा कल से लगातार बारिश होने पर शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में पानी भरान की स्थिति का जायजा लिया और पानी भरे क्षेत्रों से निगम अमला से पानी निकासी कराये। उन्होंने जिला चिकित्सालय व इंदिरा नगर, नंदई के नालो का निरीक्षण कर कहा कि बारिश के पूर्व नाला सफाई से भारी बारिश के बाद भी स्थिति सामान्य है। उन्होने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को नाला व नाली में कचरा फसने पर जेसीबी के माध्यम से नाले में फसे कचरे को निकल सफाई करने तथा पानी भरे स्थलो से कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी कराने कहा। उन्होंने कहा कि निचली बस्तीयों में अल्प वर्षा में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो जाती है, अतः ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से नाली नालो की सफाई कराए तथा शहर के बडे. नाला व नालियो की अच्छे तरीके से सफाई करे, जिससे पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने ममता नगर अण्डर ब्रिज में लगे सम्पवेल का निरीक्षण कर नियमित रूप से पंप चालू रख ब्रिज से पानी निकासी कराने कहा तथा आपातकाल स्थिति के लिए अतिरिक्त पंप रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गढ्डो में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कराया जाये।

सभी वार्डो में नियमित रूप से साफ सफाई कर कचरा उठाया जाये। सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में पानी भरान क्षेत्र को चिन्हांकित कर उच्च अधिकारी को अवगत कराये, जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी तकनीकि अधिकारियों से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड का निरीक्षण कर पानी भरान होने पर जे.सी.बी व अन्य संसाधन से पानी निकासी कर तत्काल निराकरण करे।

# कलेक्टर उइके ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

जनदर्शन में मिले 30 आवेदन



**विजय मत, गरियाबंद**

कलेक्टर बी.एस. उइके ने जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायते सुनी। कलेक्टर ने जनदर्शन में 30 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम खुटगावं के गोवर्धन ने मुद्रा लोन दिलाने, ग्राम सुरसाबांधा की दिनेष्वरी साहू ने परित्यक्तता प्रमाण पत्र जारी करने, ग्राम हरदी के ओमप्रकाष ध्रुव ने बैंक से फर्जी तरीके से निकाले गये राषि को वापस दिलाने, ग्राम चिपरी के रेखराज सोनवानी ने कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में प्रवेष दिलाने, ग्राम उतुर्ली की महेष्वरी ने आधार कार्ड में नाम सुधरवाने, गरियाबंद के मिथलेष आडिल ने राषि भुगतान हेतु, कोपरा के दौलत साहू ने नौकरी से बिना कारण हटाये जाने, ग्राम पंचायत मेड़कीडबरी के सरपंच ने सचिव की नियुक्ति करने, गाड़ाघाट के रोहित ने पीएम आवास के संबंध में, पुणिता डोंगरे ने सफाई कर्मी को पुनः काम पर रखने, जनपद पंचायत छुरा की सभापति कंचन देवांगन ने अवैध रुप से रेत भंडारण करने के संबंध में, धवलपुर की आसबाई सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, ग्राम दरलीपारा के योगेन्द्र सिन्हा ने प्रोत्साहन राषि प्रदान करने, ग्राम कुटेना के घनष्याम ने नल-जल योजना के तहत नल कनेक्षन लगाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किये है।

# अर्जुंदा में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

**विजय मत, बालोद**



सोनकर समाज के प्रदेश महिला प्रकोष्ठ ने अर्जुन्दा नगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने बढ़-चढकर भाग लिया और अपने प्रेम और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और समाज में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण करना था, जिससे हमारे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हो सके और आने वाली पीढियों के लिए एक स्वस्थ और सुंदर वातावरण तैयार हो सके। कार्यक्रम का आरम्भ नगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना करके किया । कार्यक्रम के मुख्य बिंदुः वृक्षारोपण 6 जुलाई रविवार को अजुर्दा राज इकाई के सोनकर भवन के पास तालाब किनारे वृक्षारोपण किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने प्रेम और उत्साह के साथ भाग लेकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर, सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएंगे और उसकी देखभाल करेंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रदर्शन हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित हुए केंद्रीय पदाधिकारी- सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय पदाधिकारी अध्यक्ष शारदा सोनकर, महामंत्री चेतन सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, उपमंत्री भागवत सोनकर, मनोज सोनकर, डॉक्टर दाऊ लाल इंदौरिया शिक्षा विकास समिति अध्यक्ष मनोज सोनकर शिक्षा विकास समिति सचिव युवा प्रकोष्ठ सदस्य रविकांत सोनकर ने अपने प्रेम और समर्थन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# करोड़ों की ठगी वाले 6 और आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, बलौदाबाजार**



दो वर्षो में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देकर ठगी करने वाले मामले में पूर्व में 4 आरोपियों को जेल निरूद्ध करने के पश्चात जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को 6 और आरोपियों को गिरफतार किया गया है। मामले में आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य द्वारा विभिन्न लोगों से करोड़ रूपयों की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम देते हुए कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने का आरोप है।

प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा विवेचना करते हुए ठगी करने वाले सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित करते हुए प्रकरण में संपूर्ण जांच, पीड़ितों से आवेदन लेने, आरोपियों की पता तलाश करने, संबंधित आरोपियों की संपत्ति जप्ती, कुर्की की कार्यवाही करने एवं उच्चतम विवेचना हेतु एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया है।

प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी जानकी साहू एवं देवनारायण साहू तथा कांकेर से अनीता साहू, कुसुम रानी साहू, अनिल शंकर साहू एवं ग्राम बिलारी जिला जांजगीर चांपा निवासी रामनारायण साहू निवास को हिरासत में लिया गया। उक्त सभी आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य के साथ मिलकर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ में यह जानकारी सामने आई है कि आरोपियों द्वारा शेयर मार्केट में करोडों रुपए रकम लगाकर खर्च किया गया है। अरोपियों द्वारा 1 करोड 75 लाख रुपए कीमत मूल्य का 70 नग हेली मशीन खरीदा गया है।

# जर्जर सड़क के कारण आए दिन हो रहे हादसे

आमजन और छात्र-छात्राएं परेशान, आवेदक पहुंचा जनदर्शन

**विजय मत, दुर्ग**

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निदेर्शानुसार डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं हितेश पिस्दा ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन के दौरान नगर निगम, समाज कल्याण, खाद्य विभाग एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 80 आवेदन प्राप्त हुए।

शिवपारा वार्ड क्रमांक 38 के निवासी ने अपने क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

# बाढ़ एवं जल भराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी करने के दिए निर्देश

**विजय मत, राजनांदगांव**



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरे जिले में सर्तकता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि वर्तमान में पूरे जिले में तेज बारिश हो रही है, इसके चलते नदी-नालों के तटवर्ती क्षेत्रों के अलावा निचले भागों में पानी भरने की संभावना बनी है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी विशेष रूप से सर्तक रहें और सतत निगरानी करते रहें। किसी भी प्रकार से जल भराव या बाढ़ की आशंका होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही बाढ़ से निपटने के लिए उपलब्ध संसाधनों का जांच-परीक्षण कर लें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय की सतत निगरानी करते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके लिए गठित टीमों को सतत सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के स्थानों जहां जल भराव हुए थे, उन्हें चिन्हांकित करने के साथ ही अन्य संभावित स्थानों की भी निगरानी करें। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि जल भराव एवं बाढ़ से निपटने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं के परीक्षण के साथ-साथ उनकी उपलब्धता बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से निपटने के लिए अधिकारीगण सतत कार्रवाई एवं मानिटरिंग करते रहें। ढाबों सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से विक्रय होने वाले मदिरा एवं अन्य नशा के पदार्थों की उपलब्धता पर कड़ी कार्रवाई करें।

निचली बस्तियों में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, शहर के दोनों महत्वपूर्ण अण्डरब्रिज हुए लबालब

# झमाझम बारिश ने इस्पात नगरी को किया तर-बतर

**विजय मत, भिलाई**





पिछले तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने इस्पात नगरी को तर-बतर कर डाला है। निचली बस्तियों में जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त होने के साथ ही लोगों की चिंता बढ़ गई है। भिलाई शहर में पटरी पार आने जाने के लिए बने चंद्रा-मौर्या और प्रियदर्शिनी परिसर अण्डरब्रिज पानी से लबालब भर गए हैं। इसके चलते सुपेला अण्डरब्रिज पर ट्रेफिक का दबाव बढ़ गया है। फोरलेन सड़क पर भी कई जगह पानी जमा हो गया है।

इसके अलावा अंदरुनी इलाके की कुछ सड़कें और गलियां लगातार बारिश के चलते नाले में तब्दील सी हो गई है। बीते रविवार की रात से भिलाई - दुर्ग में बारिश हो रही है। आज भी सुबह से अनवरत बारिश की बौछारें पड़ रही है। लगातार तीसरे दिन बारिश ने लोगों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कामकाजी लोगों को आज कार्यस्थल के लिए भरे बारिश का सामना करते हुए निकलना पड़ा।स्कूली बच्चों को भी बारिश की वजह से परेशानी उठानी पड़ी। शहर के अंदरूनी इलाकों की मुख्य सड़क से लेकर गलियों में पानी बहने से लोगों को कामकाज के सिलसिले में घर से निकलकर सड़क तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भिलाई के चन्द्रा-मौर्या और प्रियदर्शिनी परिसर रेलवे अण्डरब्रिज में पानी भर जाने से आवागमन ठप्प रहा। इससे सुपेला अण्डरब्रिज सहित पावर हाउस और नेहरू नगर के ओवर व अण्डरब्रिज पर ट्रेफिक का दबाव काफी हद तक बढ़ गया है। भिलाई-3 के सिरसा गेट अण्डरब्रिज में भी पानी जमा होने से यातायात बाधित तो नहीं हुआ। लेकिन दुपहिया वाहन चालकों के साथ अण्डरब्रिज से गुजरने के दौरान दुर्घटना का खतरा बना रहा। शहर की कुछ अंदरूनी सड़कों और गलियों में जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ। निचली बस्तियों में रहने वालों को भी बारिश ने अच्छा खासा हलाकान कर रखा है। सबसे बुरा हाल गदा चौक से घड़ी चौक की तरफ जाने वाले मार्ग का रहा। यहां जल भराव से पूरी सड़क पानी में डूब गई।

# पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ : कलेक्टर चन्दन

**विजय मत, कोरिया**

कोरिया कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागों की योजनावार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए निरंतर निगरानी और जमीनी क्रियान्वयन आवश्यक है।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व जनजाति विकास, श्रम, पशुपालन एवं कृषि विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने ह्यधरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियानह्न की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के 154 जनजातीय ग्रामों का चयन किया गया है, जहां रह रहे परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु 15 जुलाई तक सभी गैप्स को भरने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट व आंगनबाड़ी केंद्रों में आयरन सिरप पिलाने की व्यवस्था की जाए और सिकलसेल, टीबी जांच तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने बुजुर्गों एवं मानसिक रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाओं की उपलब्धता और सांप काटने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर त्रिपाठी ने सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम और जिलाधिकारियों को रोस्टर अनुसार आश्रम शालाओं, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, राशन दुकानों की आकस्मिक निरीक्षण करने और संबंधित संस्थानों की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। संस्थानों में कमी मिलने पर तात्कालिक सुधार और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए।

## सार समाचार

### वार्डवासियों ने मनाया पार्षद बद्रीप्रसाद गुप्ता का जन्मदिन



**रायपुर/विजय मत।** रायपुर नगर निगम के जोन 6 के अध्यक्ष एवं वार्ड 62 (शहीद राजीव पांडे वार्ड) के पार्षद बद्रीप्रसाद गुप्ता का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पार्षद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वार्डवासियों ने फूलगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। बद्रीप्रसाद गुप्ता को सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे और विधायक सुनील सोनी ने भी जन्मदिवस की बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद गुप्ता ने सभी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और जनसेवा के अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के बाद ₹आशीर्वाद भोज₹ का आयोजन किया गया, जिसमें रितेश केश्वरवानी, मनीष कराडभुजे, शिव चंद्राकर, राजेश लखानी, दिनेश लखानी, मनोज पांडे, सीमा साहू, शाहिदा, आशिया बेगम खान सहित अन्य वार्डवासी शामिल हुए।

### स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी में सीएम साय करेंगे ध्वजारोहण

**रायपुर/विजय मत।** स्वतंत्रता दिवस को प्रदेशभर में गरिमापूर्ण एवं भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से शासन स्तर पर तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में बीते दिनों राज्य स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वातावरण में किया जाए। राजधानी में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा जनता के नाम संदेश देंगे। समारोह में संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया जाएगा। रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह की परेड का दायित्व पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधीन रहेगा। परेड में बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., सी.आई.एस.एफ., आई.टी.बी.पी., एस.एस.बी., छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला एवं पुरुष), नगर सेना, एन.सी.सी. कैडेट्स आदि की टुकड़ियाँ सम्मिलित होंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पदक एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके लिए विभागों को जूरी गठित कर 29 जुलाई 2025 तक चयनित नामों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवाना होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जैन संवेदना ट्रस्ट का मानव सेवा-मानव कल्याण का चातुर्मास आज से

**रायपुर/विजय मत।** जैन संवेदना ट्रस्ट इस वर्ष जीवदया, मानव कल्याण व साधर्मिक भक्ति का चातुर्मास मनाएगा। महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि जियो और जीने दो भगवान महावीर स्वामी ने मूलमंत्र विश्व को दिया है। चातुर्मास काल में दया करूणा अहिंसा भाईचारा के गुणों का हमारे जीवन में विकास होना चाहिये। जैन संवेदना ट्रस्ट ने साधर्मिक भक्ति जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय किया है। ट्रस्ट का मानना है कि पूरे देशभर में चातुर्मास में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से अनुमानित 2000 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट चातुर्मास समितियों से पत्र लिखकर आग्रह करेगा कि इस खर्च में 10 प्रतिशत की कटौती कर उस बचत राशि का साधर्मिक भाई बहनों के व्यवसायिक व सामाजिक उत्थान में सहयोग करे। जैन संवेदना ट्रस्ट चातुर्मास में मूक पशु पक्षियों की सेवा , मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र , कृत्रिम हाथ , कैलिपर्स , वैशाखी , बी पी नापने की मशीन , शुगर टेस्टिंग मशीन का निःशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन , व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर कार्य करेंगे । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है । जीवन भर सुनने के बाद जब बुढ़ापे में कम सुनाई देने लगता है तो बड़ी समस्या पैदा हो जाती है । इस वक़्त श्रवण यन्त्र ही बड़ा सहारा होता है। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा गूंगे बहरे लोगों का परीक्षण कर श्रवण यंत्र का वितरण किया जावेगा । जैन संवेदना ट्रस्ट के चन्द्रेश शाह व महावीर कोचर ने बताया कि चातुर्मास में बुजुर्गों व बच्चों को श्रवण यन्त्र , कृत्रिम हाथ , जयपुर पैर कैलिपर्स बैशाखियों का वितरण व साधर्मिक परिवारों को बी पी शुगर मशीनों का सहयोग किया जावेगा ।

कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

# बारिश के मौसम को देखते हुए संबंधित विभाग आवश्यक तैयारियां रखें : डॉ गौरव सिंह

**विजय मत, रायपुर**

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा राजस्व प्रकरणों का जल्द निपटारा करें। आम जनता को शासकीय योजना का लाभ प्रदान करें। कार्यालय में आने वाले आमजनों की समस्या को सवेंदनशीलता से सुनें और समाधान करने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि बारिश का मौसम की शुरूआत हो गई है। संबधित विभाग एलर्ट रहें रायपुर नगर निगम सहित अन्य नगरीय निकाय साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें।

यदि कहीं पर जल भराव की स्थिति हो तो उसे खाली करवाएं। स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए तैयारी रखें आवश्यक दवाईयों का स्टाक बनाए रखें। सिंचाई विभाग पानी छोड़ने की स्थिति में प्रशासन को पूर्व में सूचना प्रदान करें ताकि अन्य विभाग आवश्यक तैयारी कर सके । कलेक्टर ने कहा कि पशुधन विकास विभाग पशुओं के लिए चारा इत्यादि का इंतजाम रखें। पीएचई विभाग स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन करते रहें, ताकि आमजनों को साफ पेयजल प्राप्त हो। इस अवसर डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



### जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी का 10 प्रतिशत अंशदान राशि के संबंध में ली बैठक

रेडक्रॉस सभाकक्ष में डॉ. गौरव कुमार सिंह, कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला रायपुर की अध्यक्षता में एवं आयुक्त नगर निगम श्री विश्वदीप, सी.ई.ओ. जिला पंचायत रायपुर श्री कुमार बिश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव डॉ. मिथिलेश चौधरी, जिला रेडक्रॉस के चेयरमेन श्री राजू शर्मा, वाईस चेयरमेन डॉ. प्रीति नारायण एवं समस्त सदस्यों के उपस्थिति में जिला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी का 10 प्रतिशत अंशदान राशि के संबंध में जिला कलेक्टर महोदय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल से अंशदान राशि, जिला रेडक्रॉस सोसायटी में जमा



किया जावे। वर्ष 2023-24 में मात्र 30 स्कूल एवं वर्ष 2024-25 में मात्र 25 स्कूल द्वारा ही जे.आर.सी. का अंशदान प्राप्त हुआ है। जो कि जिले के स्कूल की संख्या के अनुसार बहुत ही कम है। कलेक्टर महोदय द्वारा, जिले के प्रत्येक हाई स्कूल एंव हायर सेकेण्डरी स्कूल में रेडक्रॉस की जानकारी एवं प्राथमिक सहायता उपचार की प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर तैयार करने के निर्देश दिये गये।

बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन बोले-

# बेहतर करने निरंतर अभ्यास करते हैं हमारे कार्यकर्ता, कांग्रेस का समर्पण और संकल्प सिर्फ भ्रष्टाचार

**विजय मत, रायपुर**

मैनपाट में भाजपा प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन है. इस दौरान बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता निरंतर अभ्यासरत रहते हैं. हमारे कार्यकर्ता, नेता बेहतर करते रहे, इसलिए इस तरह का आयोजन पार्टी करती रहती है.

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस का समर्पण और संकल्प सिर्फ भ्रष्टाचार है. कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी नबीन ने कहा, कांग्रेस में किसी चीज के प्रति समर्पण नहीं है. किसी चीज का सकंल्प नहीं है. कांग्रेस का संकल्प और समर्पण केवल भ्रष्टाचार है. इसमें वे अच्छा अभ्यास करते हैं. कोरोना काल में कांग्रेस ने कोई जनसेवा कार्य नहीं किया है. आरएसएस और भाजपा के लोग जनसेवा कार्य में लगे रहे. कांग्रेस के नेता कहीं नजर नहीं आए. कांग्रेस का काम



केवल भ्रष्टाचार करना है.

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को लेकर नितिन नबीन ने कहा, पिच पर उतरने से पहले हर खिलाड़ी प्रैक्टिस करता है. अभ्यास इसलिए करता है कि वह और बेहतर कर सके, इसलिए नहीं कि वह जानता नहीं है. सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ी को भी रोज सुबह अभ्यास सेशन में जाना पड़ता है. हमारे कार्यकर्ता, विधायक भी और बेहतर काम कर सके, इसलिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## नाबालिग उत्तर प्रदेश से बरामद आरोपी युवक गिरफ्तार

**विजय मत, कवर्धा**

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निदेर्शानुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत बच्चों की शीघ्र पतासाजी एवं सकुशल वापसी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में थाना कुण्डा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी। थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को सायबर सेल कबीरधाम की सहायता से यह सूचना प्राप्त हुई कि अपहृत नाबालिग बालिका को आरोपी युवक विकास साहू पिता छेदीराम साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी खपरी, थाना चिल्फी, जिला मुंगेली द्वारा लखनऊ (उत्तर प्रदेश) ले जाया गया है। सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम तत्काल रवाना की गई और कंचन बिहार कॉलोनी, लखनऊ से पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया।

# स्किल्ड लेबर को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दी जाए : बी. सुरेन्द्रम

भारतीय रेलवे मजदूर संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक प्रारंभ

**विजय मत, रायपुर**

स्किल्ड लेबर को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दी जाए, जिससे वैश्विक स्तर पर कार्य करने वाले श्रमिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उक्त बातें भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रम ने रायपुर के

भनपुरी स्थित पाटीदार भवन में भारतीय रेलवे मजदूर संघ (इफ्टर) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के शुभारम्भ समारोह में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ मजदूर हितों की रक्षा के लिए सतत प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की बैठक में भारतीय मजदूर संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसमें संगठन ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा की पुरजोर मांग रखी है। इसके अतिरिक्त, श्री सुरेन्द्रम ने कृत्रिम



बुद्धिमत्ता (अक) के नियमन हेतु कानून बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे इसके दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके। उनकी बातों को विभिन्न देशों से आए श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सराहा और इफ्टर की कार्यशैली से प्रेरित होकर प्रतिनिधिमंडल को भारत भेजने की इच्छा व्यक्त की। इसी क्रम में मिस्त्र से एक प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली भी पहुंचा है।

मंच संचालन श्री संतोष पटेल जी ने किया, वहीं अध्यक्षीय और समापन उद्बोधन इफ्टर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार द्वारा दिया गया।

# भाजपा रायपुर शहर जिला ने की भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के साथ चाय पर चर्चा की

**विजय मत, रायपुर**

सोमवार शाम भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश भाजपा के 3 दिवसीय सांसद , विधायक प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करने प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंचे जहां विवेकानन्द विमानतल पर भाजपा रायपुर शहर जिला पदाधिकारियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया उसके पश्चात राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे एवं भाजपा रायपुर शहर जिला पदाधिकारियों , मंडल अध्यक्षों और पार्षदों के साथ भेंट-मुलाकात कर चाय पर चर्चा की साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पार्टी से जुड़े




कार्यों और जनता के प्रति कार्यो के क्रियान्वयन एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा कर दिशा निर्देश दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में तावड़े का भाजपा जिला टीम की तरफ से पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि भाजपा संगठन और निर्वाचित भाजपा नेताओं का उत्तम समन्वय पार्टी की मजबूती का कार्य करता है आज भाजपा कार्यकर्ता देश के हर कोने में छोटे से छोटे क्षेत्र में भी उपलब्ध होते हैं और वे ही जनप्रतिनिधियों तक जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर जाते हैं ऐसे में जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि कार्यकताओं द्वारा इंगित करवाई गई जन समस्याओं पर ध्यानाकर्षण कर शीघ्र ही उसका निदान करने का प्रयास करें और यही आपसी समन्वय भाजपा को और मजबूत बनाने का कार्य करता है जनता का भरोसा भाजपा के प्रति प्रगाढ़ होता जाता है। जनसेवा भाजपा का मूलमंत्र है और हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जनसेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है वे लगातार जनता से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए मुस्तैदी से कार्य करते हैं और उनका निराकरण करते हैं हमारे प्रधानमंत्री ने देश के चहुमुखी विकास की परिकल्पना को साकार करने रात दिन कार्य किया है एवं आज इसके सार्थक परिणाम धरातल पर दिखते हैं।

# कुलपति कावरे ने किया पत्रकारिता विश्वविद्यालय परिसर का आकस्मिक निरीक्षण



**विजय मत, रायपुर**

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति महादेव कावरे (आई.ए.एस.) ने आज विश्वविद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। कुलपति श्री कावरे ने बालक एवं बालिका छात्रावास, मेस एवं कैंटीन, आवासीय परिसर, अतिथि गृह और निमार्णाधीन आडिटोरियम का आकस्मिक निरीक्षण किया। छात्रावास में आवश्यक संधारण एवं बुनियादी सुविधा बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। श्री कावरे ने दोनों छात्रावास भवनों को यूजीसी एवं शासन के निदेर्शों एवं आधुनिक मापदंड के अनुरूप उन्नत करने, रिक्रेयेशन हॉल एवं पालकों के लिए सुव्यवस्थित अतिथि कक्ष की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने बालक एवं बालिका छात्रावास में अतिरिक्त सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया । बैडमिंटन कोर्ट की फ्लोरिंग को रिपेयर करने, बॉलीबाल, लॉन टेनिस एवं बॉस्केट बॉल के कोर्ट के लिए स्थान चिन्हित करने के लिए कहा। गार्डन में ओपन जिम विकसित करने एवं खेल विभाग के सहयोग से खेल मैदान की साफ-सफाई एवं खेल सुविधाओं का विकास करने के लिए कहा।

अपने निरीक्षण के दौरान कुलपति महोदय ने पुराने टूटे-फूटे फर्नीचर एवं उपकरणों की यथासंभव रिपेयरिंग एवं अपलेखन का निर्देश दिया। आवश्यक संसाधनों की पूर्ति हेतु नियमानुसार क्रय हेतु संबंधितों को आदेशित किया।

# कृषि उन्नति योजना: किसानों को मिलेगी 15,351 रुपये तक प्रति एकड़ आदान सहायता

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कृषि उन्नति योजना के तहत बड़ा ऐलान किया है। इस योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से शुरू होगा। इसका मकसद कृषि में निवेश को बढ़ावा देना, लागत घटाना और फसल विविधिकरण को प्रोत्साहित करना है। योजना का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराया है।

मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, फलस्वरुप कृषक फसल उत्पादन के



लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिये कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि धान अथवा धान बीज का विक्रय किया गया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो।

# अगस्त और सितम्बर में बिहार/झारखण्ड जानेवाले ट्रेन हुई रद्द, रेलयात्रियों के लिए रेल विभाग ने जारी की अग्रिम सूचना

**चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य से बाधित होगी रेल यात्रा**

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ से झारखण्ड और बिहार जानेवाले रेल यात्रियों के लिए अगस्त और सितम्बर माह परेशानियों से भरा होगा अगर वे रेल विभाग की अग्रिम सूचना से स्वयं की यात्रा की योजना बदल नहीं लेते हैं।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग से चलनेवाली 13287 दुर्गझआरा एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन हैं, जो छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख स्टेशनों से झारखंड और बिहार के यात्रियों के लिए मनपसंद ट्रेन हैं। इससे झारखण्ड के टाटानगर स्टेशन के यात्री भी अधिक पसंद करते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की रायपुर डिवीजन के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 23, 25 अगस्त, 2025 से 01, 08 एवं 09 सितंबर 2025 तक आरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा- दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला और दुर्ग के बीच रद्द रहेगी। जबकि दिनांक 24, 26 अगस्त, 2025 से 02, 09, एवं 10 सितंबर 2025 को दुर्ग से आरा के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्गझआरा एक्सप्रेस दुर्ग और राउरकेला के बीच रद्द रहेगी। यह स्थिति इसलिए आई कि दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में झारसुगुड़ा यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा । यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 24 दिनों का प्री-एनआई (16 अगस्त 2025 से 08 सितंबर 2025 तक) और 25वें दिन (09 सितंबर, 2025) 06 घंटे (11:00 से 17:00 बजे तक) का पूर्ण यातायात ब्लॉक रहेगा ।

एनएसयूआई ने पैरामेडिकल काउंसिल को सौंपा ज्ञापन

# मान्यता का झांसा देकर हजारों छात्रों को किया गया गुमराह: एनएसयूआई

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ ठरवक ने रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में चल रहे कथित फर्जी पैरामेडिकल कोर्सेस के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा और प्रतीक रूप में श्रीफल भेंट किया। इस मौके पर कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय द्वारा BMLT, DMLT, डायलिसिस और ऑप्टोमेट्री कोर्स बिना मान्यता के संचालित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

रायपुर जिला एनएसयूआई अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय 2019 से इन चारों कोर्स को अवैध रूप से चला रहा है। अब



तक करीब 1000 छात्र-छात्राएं बिना रजिस्ट्रेशन के पढ़ाई कर चुके हैं, जिन्हें डिग्री और भविष्य दोनों अधर में लटकता नजर आ रहा है। गोस्वामी ने कहा छात्रों को छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता का झूठा भरोसा देकर एडमिशन दिलवाया गया, जबकि परिषद ने कभी इन कोर्सेस को अनुमति नहीं दी। यह छात्रों के भविष्य से खुला खिलवाड़ है।

***एनएसयूआई ने चेताया : नहीं हुई कार्रवाई तो होगा कलेक्ट्रेट घेराव:*** ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो कलेक्ट्रेट घेराव और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल की होगी। इस विरोध कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी, जिला उपाध्यक्ष शिवांक सिंह, प्रशांत चंद्राकर, संयम सिंह, वैभव मुजेवार, आशीष तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव, भूपेन्द्र साहू, रिजवान खान, रजत ठाकुर, जोंटी गिल, जुबैर, वीरेंद्र समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एनएसयूआई की मांग है कि पैरामेडिकल काउंसिल रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय पर तुरंत संज्ञान ले और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें

मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की ज़रूरत होती है बस!यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक ज़रूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है।

नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# क्या चीन के इशारे पर भारत में राफेल के खिलाफ चला अभियान ?

डॉ. श्रद्धा मिश्रा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी हमलों से राफेल विमान को नुकसान पहुंचने (एक नेता ने पांच राफेल गिरने का दावा किया था) और सरकार पर जानकारी छिपाने का आरोप कांग्रेस नेताओं ने लगाया था। महीनेभर ऐसा अभियान चला कि आम लोगों को भी संदेह होने लगा। अब फ्रांसीसी खुफिया ने दावा किया है कि दुनियाभर में चीन ने राजदूतों को सक्रिय कर राफेल के खिलाफ अभियान चलाया। उद्देश्य राफेल की बिक्री रोकने के लिए इसे कमजोर साबित करना और ऑपरेशन सिंदूर के वक्त चीनी हार्डवेयर को हुए नुकसान से छवि को लगे दाग को साफ करना था। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच झड़पों के बाद चीन ने फ्रांस निर्मित राफेल जेट के प्रदर्शन के बारे में संदेह फैलाने के लिए अपने दूतावासों को सक्रिय किया, जिससे बीजिंग फ्रांस के प्रमुख लड़ाकू विमान की प्रतिष्ठा और बिक्री को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में शामिल हो गया।



फ्रांसीसी सैन्य अधिकारी ने इस शर्त पर एपी के साथ निष्कर्षों को साझा किया कि अधिकारी और खुफिया सेवा का नाम नहीं बताया जाएगा। मई में भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों की झड़पें दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच वर्षों में सबसे गंभीर टकराव था, और इसमें हवाई युद्ध भी शामिल था जिसमें दोनों पक्षों के दर्जनों विमान शामिल थे।

तब से सैन्य अधिकारी और शोधकर्ता इस बात का विवरण खोज रहे हैं कि पाकिस्तान के चीन निर्मित सैन्य हार्डवेयर - विशेष रूप से युद्धक विमान और हवाई-लड़ाकू मिसाइलें - भारत द्वारा पाकिस्तानी लक्ष्यों पर हवाई हमलों में इस्तेमाल किए गए हथियारों, विशेष रूप से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले कैसा प्रदर्शन किया है। राफेल और अन्य हथियारों की बिक्री फ्रांस के रक्षा उद्योग के लिए बड़ा व्यवसाय है और पेरिस में सरकार द्वारा एशिया सहित अन्य देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों में मदद करता है, जहां चीन प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति बन रहा है। फ्रांस राफेल के खिलाफ़ एक दुष्प्रचार अभियान के खिलाफ़ लड़ रहा है। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी वायु सेना ने लड़ाई के दौरान पाँच भारतीय विमानों को मार गिराया, जिसमें तीन राफेल शामिल थे। हालांकि, पाकिस्तान के दावों पर भरोसा करना मुश्किल है। वजह, ऑपरेशन सिंदूर के वक्त हुई झड़प के बाद पाकिस्तानी वायु सेना, सेनाध्यक्ष और प्रधानमंत्री ने तमाम अपुष्ट ऐसे दावे किए हैं जो झूठे साबित हो रहे हैं। फ्रांसीसी अधिकारियों का कहना है कि इससे उन देशों से उनके प्रदर्शन के बारे में सवाल उठने लगे जिन्होंने फ्रांसीसी निर्माता डसॉल्ट एविएशन से लड़ाकू विमान खरीदे हैं।6 भारतीय सैन्य अफसरों ने विमान के नुकसान को स्वीकार किया, लेकिन यह नहीं बताया कि कितने विमान....। फ्रांसीसी वायु सेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलांगर ने कहा कि उन्होंने केवल 3 भारतीय नुकसानों की ओर इशारा करते हुए सबूत देखे हैं - एक राफेल, एक रूसी निर्मित सुखोई और एक मिराज 2000, जो कि पिछली पीढ़ी का फ्रांसीसी निर्मित जेट है। यह राफेल का पहला ज्ञात युद्ध नुकसान था, जिसे फ्रांस ने आठ देशों को बेचा है। बेशक, उन सभी देशों ने, जिन्होंने राफेल खरीदे, खुद से सवाल पूछे, बेलांगर ने कहा।

फ्रांसीसी अधिकारी विमान की प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उनका आरोप है कि पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन की ओर से राफेल की आलोचना और ऑनलाइन गलत सूचना देने का एक संगठित अभियान चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि इस अभियान में सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट, कथित राफेल मलबे को दिखाने वाली छेड़छाड़ की गई तस्वीरें, एआई-जनरेटेड कंटेंट और कथित युद्ध का अनुकरण करने के लिए वीडियो गेम चित्रण शामिल थे। फ्रांसीसी शोधकर्ताओं के अनुसार, भारत-पाकिस्तान के बीच झड़पों के दौरान बनाए गए ऑनलाइन गलत सूचना देने में माहिर 1,000 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट ने भी चीनी तकनीकी श्रेष्ठता का एक आख्यान फैलाया। फ्रांसीसी सैन्य अधिकारियों का कहना है कि वे ऑनलाइन राफेल की आलोचना को सीधे चीनी सरकार से नहीं जोड़ पाए हैं। खुफिया आकलन कहता है कि चीनी अधिकारियों ने संभावित ग्राहकों को फ्रांसीसी विमानों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। लेकिन फ्रांसीसी खुफिया सेवा ने कहा कि चीनी दूतावास के रक्षा अधिकारियों ने अन्य देशों के सुरक्षा और रक्षा अधिकारियों के साथ बैठकों में इसी आख्यान को दोहराया, जिसमें तर्क दिया गया कि भारतीय वायु सेना के राफेल ने खराब प्रदर्शन किया और चीनी निर्मित हथियारों को बढ़ावा दिया। खुफिया सेवा ने कहा कि रक्षा अटैचियों ने अपनी लॉबिंग उन देशों पर केंद्रित की जिन्होंने राफेल का ऑर्डर दिया है और अन्य संभावित ग्राहक-देश जो खरीद पर विचार कर रहे हैं। इसने कहा कि फ्रांसीसी अधिकारियों को उन देशों से बैठकों के बारे में पता चला जिनसे संपर्क किया गया था। एपी द्वारा राफेल की अपील को कम करने के कथित प्रयास पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर, बीजिंग में राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, संबंधित दावे शुद्ध निराधार अफवाहें और बदनामी हैं। चीन ने सैन्य निर्यात के लिए लगातार विवेकपूर्ण और जिम्मेदार दृष्टिकोण बनाए रखा है, क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता में रचनात्मक भूमिका निभाई है।

**रक्षा मामलों की अध्येता (रायपुर)**

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया सेवा के निष्कर्षों में कहा गया है कि चीन के विदेशी दूतावासों में रक्षा अधिकारियों ने राफेल की बिक्री को कम करने के लिए अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य उन देशों को राजी करना था जिन्होंने पहले से ही फ्रांसी निर्मित लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है - विशेष रूप से इंडोनेशिया - कि वे और अधिक न खरीदें और अन्य संभावित खरीददारों को चीनी निर्मित विमान चुनने के लिए प्रोत्साहित करें।

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

ललित गर्ग

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है।




ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है।

भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राज़ील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज़ है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया।

भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, 'बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये।


# जनसंख्या वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी

संजय गोस्वामी

जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि से है, और यह हाल के दशकों में दुनिया के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक रहा है। जैसे-जैसे मानव आबादी बढ़ती जा रही है, भोजन, पानी और ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। जनसंख्या में यह तीव्र वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव से लेकर पर्यावरणीय क्षरण तक कई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। हम जनसंख्या की घातीय वृद्धि में योगदान करने वाले कारकों, ग्रह पर इस वृद्धि के प्रभावों और इस लगातार बढ़ती समस्या को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक समाधानों की खोज करके जनसंख्या वृद्धि पर कुछ निबंधों पर चर्चा करेंगे। सभी के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के परिणामों को समझना महत्वपूर्ण है।दुनिया के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक जनसंख्या की घातीय वृद्धि की समस्या है। यह समस्या सबसे बड़ी है। दुनिया के अधिकांश देशों में जनसंख्या के आंकड़ों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया के संसाधन सीमित हैं और इसलिए वे एक निश्चित सीमा से ज़्यादा आबादी का भरण-पोषण नहीं कर सकते। दुनिया भर में खाद्यान्न की कमी और नौकरियों की कमी की खबरें आती रही हैं। मनुष्यों की संख्या स्थिर दर से बढ़ रही है। दुनिया की आबादी पहले ही छह अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है और अगले तीन या चार दशकों में इसके दोगुना होने की उम्मीद है।अगर जनसंख्या इसी दर से बढ़ती रही तो अधिक आबादी वाले देशों की अर्थव्यवस्था जनसंख्या वृद्धि का सामना करने में असमर्थ हो जाएगी। सभी के दरवाज़े पर शांति, आराम और कल्याण लाने की हर कोशिश नाकाम हो जाएगी और अगर जनसंख्या को उचित सीमा में नहीं रखा गया तो दुख प्रमुख हो जाएगा। कुछ देशों को छोड़कर, सभी देश जनसंख्या वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वर्तमान में, दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन है और भारत दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। भारत दुनिया की 17% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया और यूरोप के कुछ देशों जैसे अन्य देशों में जनसंख्या विस्फोट का ख़तरा है। वर्तमान में, दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जिससे कई चुनौतियाँ पैदा हो रही हैं। अभी तक, वैश्विक जनसंख्या लगभग 7.6 बिलियन है और 2025 तक 8 बिलियन से अधिक होने की उम्मीद है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8422



### बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

### ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

### शब्द पहेली -8421 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जी | स | स | | ग | ब | रु | |
| न | भ | | ज | | र | | त | ह |
| जा | | | ग | र | ज | ना | | ल |
| रा | ह | त | | स्म | | म | ह | क |
| | | र | ज | | रां | ची | | |
| ज | न | क | | खा | | न | स | ल |
| मी | | श | ब | न | म | | | ह |
| न | म | | हा | | ज | | जो | र |
| | त | ल | ना | | मा | लि | श | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**9 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | मिथुन में | **कर्क** | 05.57 बजे से |
| **चंद्र** | धनु में | **सिंह** | 08.13 बजे से |
| **मंगल** | सिंह में | **कन्या** | 10.25 बजे से |
| **बुध** | कर्क में | **तुला** | 12.36 बजे से |
| **गुरु** | मिथुन में | **वृश्चिक** | 14.51 ब.से |
| **शुक्र** | वृष में | **धनु** | 17.07 बजे से |
| **शनि** | मीन में | **मकर** | 19.12 बजे से |
| **राहु** | कुंभ में | **कुंभ** | 20.58 बजे से |
| **केतु** | सिंह में | **मीन** | 22.31 बजे से |
| **राहुकाल** | | **मेष** | 00.02 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | **वृष** | 01.42 बजे से |
| बजे तक | | **मिथुन** | 03.40 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 190 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 01.37 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 04.50 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 22.09 बजे को समाप्त।
**करण** गर 13.12 बजे तदनन्तर वणिज 01.37 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 21'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872400
**जूलियन दिन** 2460865.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 13

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **लाभ** | 05.54 से | 07.22 बजे तक | **उद्वेग** | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| **अमृत** | 07.22 से | 08.51 बजे तक | **शुभ** | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| **काल** | 08.15 से | 10.19 बजे तक | **अमृत** | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| **शुभ** | 10.19 से | 11.47 बजे तक | **चर** | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| **रोग** | 11.47 से | 01.16 बजे तक | **रोग** | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| **उद्वेग** | 01.16 से | 02.44 बजे तक | **काल** | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| **चर** | 02.44 से | 04.12 बजे तक | **लाभ** | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| **लाभ** | 04.12 से | 05.41 बजे तक | **उद्वेग** | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार



### सैकड़ो कर्मचारियों की नौकरी गई शक्कर कारखाने में थे कार्यरत

**विजय मत, कवर्धा।** जिले का चर्चित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। इस बार कारखाने के 250 से अधिक श्रमिकों को नौकरी से हटाए जाने के फैसले ने बवाल खड़ा कर दिया है। कारखाने के इस फैसले से नाराज श्रमिकों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की और नौकरी पर वापस बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारी श्रमिकों का कहना है कि शक्कर मिल में हर वर्ष गन्ना पेराई सीजन के दौरान उन्हें ठेके के तहत काम पर रखा जाता था। लेकिन इस बार प्रबंधन ने पुराने श्रमिकों को हटाकर अपने चहेते निजी कंपनी के मजदूरों को नियुक्त कर दिया, जिससे वे भारी आर्थिक संकट में आ गए हैं। श्रमिकों का आरोप है कि वर्षों की सेवा के बावजूद उनके साथ अन्याय किया गया है। बच्चों की फीस भरने तक के लाले पड़ गए हैं और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।




### मराठी भाषा को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**विजय मत, बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में मराठी भाषा को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की गई। इसपर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर तीन माह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। बिलासपुर के तिलक नगर में रहने वाले डॉ. सचिन काले ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका लगाई थी। उन्होंने अपने मामले की खुद पैरवी करते हुए मांग की कि अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी मराठी भाषी समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाना चाहिए। याचिका में केंद्र सरकार की अधिसूचना का हवाला देते हुए तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को अधिकार देते हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के टीएमए पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य के फैसले का हवाला देते हुए बताया गया कि अल्पसंख्यक दर्जे का निर्धारण राज्य स्तर पर होना चाहिए, न कि पूरे देश के संदर्भ में। कई राज्यों में भाषाई आधार पर अल्पसंख्यक दर्जा देने की जानकारी दी गई।

### नागरिकों के फीडबैक से तय होगी बलौदाबाजार जिले की राष्ट्रीय रैंकिंग

**विजय मत, बलौदाबाजार।** जिले में 25 जून से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की शुरूआत हो चुकी है जो आगामी 14 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण में जिले के सभी गांवों को शामिल किया गया है जिसमें महिलाएं, स्वच्छता समूह और स्थानीय नागरिक मिलकर गांव की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्वच्छता को जनांदोलन बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतें और स्वच्छता दूत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और मोबाइल एप के माध्यम से नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक भी एकत्र कर रहे हैं। यह फीडबैक भारत सरकार द्वारा निर्मित एसएसजी 2025 मोबाइल एप पर दिया जा सकता है, जिसे गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर नागरिक अपनी राय दे सकते हैं। स्वच्छता फीडबैक के माध्यम से ही जिले को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग प्रदान की जाएगी। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने गांव, गलियों, प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखें और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह सर्वेक्षण न केवल स्वच्छता की वर्तमान स्थिति को दर्शाएगा, बल्कि ग्रामीण भारत में स्वच्छता कार्यों को मजबूत करने एवं स्थायित्व प्रदान करने का भी माध्यम बनेगा।

# बरसात में जलभराव की स्थिति पर रखे नजरः कमिश्नर राठौर

**विजय मत, दुर्ग**

संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने कहा है कि जिले के सभी नगरीय निकायों में बारिश से उत्पन्न जल भराव की स्थिति पर अधिकारी नजर रखें। आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए राहत कैंप के लिए स्थान चयन कर लिया जाये। नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई 03-चरोदा और रिसाली अंतर्गत बनाये गये अटल आवास, नये आवास में आवश्यक व्यवस्था कर लोगों को शिफ्ट कराये। संभागायुक्त श्री राठौर आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला प्रमुख अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षा की पानी को संरक्षित रखने सभी शासकीय कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्राथमिकता के साथ बनायी जाये। जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अधिकारी बारिश के मौसम में विभागों को प्राप्त लक्ष्य के मुताबिक वृक्षारोपण भी करायें। उन्होंने वनमण्डलाधिकारी को जिले में वन की प्रतिशत बढ़ाने कारगर पहल कर जिले को वनाच्छादित बनाने के निर्देश दिये। सभी एसडीएम छोटे-बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण करायें।

पीडब्ल्यूडी, पी.एम.जे.एस. वाय., सी.एम. जे.एस. वाय. सड़कों के किनारे वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाये। धान खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों के बाउण्ड्रियों में भी पौधरोपण किया जाये। संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि नये कानून के तहत जेल परिसर, जिला अस्पताल, तहसील एवं एसडीएम ऑफिस में वीडियो



कांफ्रेंसिंग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। वर्षा जनित मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी प्रकार के आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये। पी.एच.ई. विभाग द्वारा सभी हैण्डपम्पों का क्लोरीनेशन किया जाये। शासकीय मद से निर्मित भवनों का सदुपयोग हो, निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों को संबंधित विभागों को हैंडओवर करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि शासकीय कार्यालयों में अनुशासन झलकना चाहिए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते हुए अधिकारी विगत वर्ष के बाढ़ प्रभावित गांवों एवं नगरीय क्षेत्रों के निचली बस्तियों में बाढ़ से बचाव के पूरे उपाय सुनिश्चित करें। आकस्मिक उत्पन्न स्थिति की सूचना हेतु प्रमुख व्यक्तियों, पंचायत प्रतिनिधियों, हल्का पटवारियों की मोबाईल संपर्क नंबर की सूची तैयार कर लिया जाये।

राहत कैंप के लिए स्कूल, पंचायत भवन, धर्मशाला चिन्हांकित कर लिया जाये। नदी के किनारे ईंट भट्ठों में काम करने वाले मजदूरों को खनिज विभाग के माध्यम से पूर्व में सूचित किया जाये। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा बांधों से छोड़े जाने वाली पानी की जानकारी के संबंध में जिला प्रशासन को अवगत करायी जाये। बाढ़ अथवा जल भराव से उत्पन्न स्थिति से निपटने नगर सेना के जवान मुस्तैद रहें। बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने विभागीय समय-सीमा प्रकरणों के विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निराकृत प्रकरणों को विलोपित करने अधिकारी फाइल प्रस्तुत करें। शासन के निदेर्शानुसार कार्यालयों में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध विभाग द्वारा कार्यवाही की जाये। स्कूली बच्चों के आधार अपडेशन हेतु स्कूलों में आधार शिविर लगायी जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लखपति दीदी अंतर्गत हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, श्रम एवं ग्रामोद्योग विभाग दिये गये लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभान्वित करायें। उन्होंने राशन कार्डों की ई.के.वाय.सी., सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अधिकारी-कर्मचारियों की सेवानिवृत्त पश्चात लंबित पेंशन प्रकरणों की भी जानकारी ली।

### मगरलोड में 82 हितग्राहियों का सत्यापन कार्य पूर्ण

## सीईओ ने की मनरेगा, पीएम आवास व अंत्योदय वाटिका योजनाओं की समीक्षा

**विजय मत, धमतरी**

जिले के विकासखंड कुरुद एवं मगरलोड क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद की उपस्थिति में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने सभाकक्ष जनपद पंचायत कुरुद में ली। बैठक में विशेष रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण तथा अंत्योदय वाटिका जैसी शासन की योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, तकनीकी सहायक, सहित अन्य अधिकारियों से श्रीवास्तव ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवास प्लस सर्वे 2.0 अंतर्गत जिले में 84439 हितग्राहियों का सर्वे किया गया है, जिसमें से 20200 हितग्राहियों का सत्यापन कार्य 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाना है, किंतु आज दिनांक तक केवल कुरूद



में 279 व मगरलोड में 82 हितग्राहियों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया है। के संबंध में कुरूद, मगरलोड मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं संबंधित उप अभियंता, तकनीकी सहायकों को शीघ्र कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण 9984 आवासों को 30 सितंबर तक पूर्ण करने राज्य कार्यालय द्वारा निर्देशित किया गया है परंतु जिले में प्रतिदिवस 49 आवासों की ही प्रगति आ रही है, जबकि प्रतिदिवस 111 आवास पूर्ण किया जाना है। तदसबंध में कुरूद, मगरलोड मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को उनको दिये गये प्रतिदिवस के लक्ष्यानुसार आवास पूर्ण करने हेतु सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया। वहीं आवास टोल फ्री नंबर 18002331290 का पंचायत भवन में दीवार लेखन कराये जाने निर्देशित किया गया। महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अनुपस्थित उप अभीयंता पवन ध्रुव का एक दिवस वेतन कटौती हेतु सीईओ कुरूद को निर्देशित किया गया। न्यून प्रगति वाले उप अभियंता व तकनीकी सहायकों का वेतन जिला कार्यालय के अनुमोदन उपरांत ही जारी करने के निर्देश कुरूद, मगरलोड जनपद सीईओ को दिये।

## सीईओ एस आलोक ने जन चौपाल में सुनी आम जनों की समस्याएं

**विजय मत, महासमुंद**

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निदेर्शानुसार जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 26 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। जन चौपाल में सरायपाली के हितग्राही तिलक राम ने पीएम आवास की राशि जारी करने हेतु सचिव द्वारा पैसे लिए जाने के संबंध में शिकायत




प्रस्तुत किया, इसी क्रम में दीनबंधु सोना ने भी शिकायत किया जिस पर सीईओ ने उक्त मामलों में प्राथमिकता से जाँच करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा सेवक राम साहू पोटापारा पिथौरा द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन, ग्राम पंचायत छांदनपुर के शिव मंदिर में अतिक्रमण वेणुधर थानापति द्वारा आवेदन, झलप में शासकीय भूमि अतिक्रमण संबंधी आवेदन, परमेश्वर यादव साराडीह महासमुंद द्वारा बैंक की गलत एंट्री के संबंध में आवेदन, राजकुमार भोई झगरेनडीह पिथौरा द्वारा सीमांकन हेतु आवेदन किया गया।

जन चौपाल में इसके अलावा पीएम आवास योजना, अवैध अतिक्रमण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, धान खरीदी, मुआवजा राशि, साथ ही अन्य माँग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### जिले में SIS ग्रुप द्वारा पंजीयन शिविर का होगा आयोजन

**विजय मत, एमसीबी।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के तत्वाधान में SIS (इंडिया) लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिले के विभिन्न थाना व चौकी परिसरों में पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कमांडेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र परसवार, अनुपपुर के निदेर्शानुसार यह पहल उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्थायी रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे जिसमें युवाओं का पंजीयन कर प्रशिक्षणोपरांत रक्र ग्रुप में नियोजन किया जाएगा।

## 'मोर गांव मा पानी' अभियान से जल संरक्षण को बढ़ावा

**विजय मत, महासमुंद**

जिले में जल संरक्षण को लेकर एक अभिनव पहल के रूप में मोर गांव मा पानी अभियान को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस अभियान ने जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी को एक नई गति प्रदान की है। जल संचयन को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए जिले में ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के समन्वय से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जन सहयोग से स्कूलों, आंगनवाड़ियों, पंचायत भवनों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों में सोखता गड्ढों का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक जिले में 4 हजार से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, वहीं 104 इंजेक्शन वेल के माध्यम से भूमिगत जल स्तर को पुनः तमबींतहम किया जा रहा है। यह पहल वर्षा जल को



भूमिगत जल में परिवर्तित कर जल संकट की स्थिति से निपटने में सहायक सिद्ध हो रही है। सोखता गड्ढे मिट्टी की नमी बनाए रखने, सतही जल प्रवाह को नियंत्रित करने एवं आसपास के पर्यावरण को संतुलित रखने में भी कारगर साबित हो रहे हैं।




### प्रशासन को जर्जर स्कूल गिरने का इंतजार, पढ़ते है 400 बच्चे

**विजय मत, बलरामपुर।** जिले के शंकरगढ़ में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल की हालत बेहद खराब हो गई है। भवन इतनी जर्जर हो गई है कि अपने आप गिरने लगी है और लगातार हादसे हो रहे हैं। लगभग 400 बच्चे इस स्कूल में अध्ययनरत हैं और प्रतिदिन बारिश के मौसम में परेशानी का सामना कर रहे हैं। पिछले साल छत का प्लास्टर गिरने से दो छात्र घायल भी हो गए थे उसके बाद भी भवन की मरम्मत नहीं हुई। शंकरगढ़ ब्लॉक का यह एक पुराना स्कूल है। यह जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित है। छात्र-छात्राएँ दोनों ही इस स्कूल में पढ़ाई करते हैं और उनकी संख्या लगभग 400 है। भवन के सभी कमरों की हालत बेहद खराब हो चुकी है और यह इतनी जर्जर हो गई है कि बरसात के मौसम में इनमें बैठना भी खतरे को दावत देने जैसा है। जब बारिश होती है तो सभी कमरे टपकने लगते हैं और प्लास्टर भी गिरने लगता है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय का उपयोग अब आदत में शुमार

**विजय मत, बलौदाबाजार**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत खुले में शौचमुक्त अभियान जे तहत घर घर शौचालय निर्माण एवं व्यवहार परिवर्तन से अब ग्रामीणों के द्वारा शौचालय का उपयोग आदत बन गया है। लोग स्वच्छता व स्वास्थ्य का महत्व समझने लगे है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिन्होने पूर्व में किसी भी मद से शौचालय निर्माण हेतु राशि स्वीकृत नहीं कराया है उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण हेतु राशि 12000 रुपये उनके खाते में डीबीटी किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला मिशन समन्वयक मुरलीकांत यदु ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में शौचालय का निर्माण किया गया है जिसका सतत उपयोग ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो को सामुदायिक




जनभागीदारी के साथ जन आंदोलन के रूप में समस्त ग्रामीण जन अपना आंदोलन समझते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए। गांव में सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण किया गया है जिसका गांव मे किसी प्रकार का कार्यक्रम होने पर उपयोग किया जा रहा है।स्वच्छाग्रही समूहों द्वारा बिना किसी सहयोग के ग्राम पंचायत के साथ मिलकर गांव की साफ सफाई, जल स्रोतों की सफाई, कचरा कलेक्शन, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण कार्य में अपना सहयोग देते हुए अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को जोड़ने एवं लोगों के व्यवहार परिवर्तन हेतु कार्य किया जा रहा है जिसमें लोग स्वयं अपना योगदान दे रहे हैं।

**खास-खबर**

### रायगढ़ एसपी ने ली क्राइम मीटिंग

## राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की मासिक बैठक संपन्न

**विजय मत, रायगढ़**

आज जिला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की अध्यक्षता में पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत में पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने थाना क्षेत्रों में सीसीटीवी जागरूकता अभियान को गति प्रदान करें। इसके अंतर्गत समाजसेवियों, प्रतिष्ठान संचालकों और गणमान्य नागरिकों को प्रेरित किया जाए कि वे अपने भवनों के बाहर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें, जिनमें से कम से कम एक-दो कैमरे सार्वजनिक मार्गों की दिशा में केंद्रित हों। उन्होंने एडिशनल एसपी एवं सीएसपी को शहर के सक्रिय स्वयंसेवी संगठनों (एनजीओ) से बैठक लेकर उन्हें भी



अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करने को कहा। बैठक में क्राइम मीटिंग के तहत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज लंबित गंभीर अपराधों की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक थाना प्रभारी से लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी ली और उनके त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए। विशेष रूप से 60 एवं 90 दिवस से अधिक समय से लंबित अपराधों पर प्रगति रिपोर्ट ली गई और इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में हल करने के निर्देश जारी किए गए। इसके अतिरिक्त, 6 माह से अधिक समय से लंबित मर्ग, 3 माह से अधिक पुराने दुर्घटना प्रकरणों तथा विभिन्न लंबित शिकायतों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मामलों के त्वरित निराकरण में लापरवाही के लिए जांच अधिकारी को उत्तरदायी ठहराया जाएगा। बैठक में जन जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने थाना क्षेत्र में नियमित रूप से जन चौपाल आयोजित करें, विशेषकर ग्रामीण अंचलों में जाकर जनता की समस्याएं सुनें तथा उन्हें कानून, सुरक्षा और साइबर अपराधों से संबंधित जानकारी दें। गांव भ्रमण के दौरान अधिकारी ग्रामीणों के साथ प्रत्यक्ष संवाद कर कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, अवैध गतिविधियों पर रोकथाम, एवं नशा उन्मूलन के विषयों पर संवाद करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चौपालों से ग्रामीण जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और सूचना तंत्र भी मजबूत होगा। गुम इंसानों की खोज हेतु चलाए गए विशेष अभियान में 150 से अधिक गम इंसानों की खोज और अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की कार्रवाई की सराहना की गई।

## ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत

**विजय मत, नारायणपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के नेतृत्व में जिले में शासकीय कामकाज को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत की गई है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान की दिशा में एक ठोस कदम है, जो शासन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और नागरिकों को त्वरित सेवाएं प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो शासकीय कार्यालयों में कागज रहित कामकाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से अब जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यालयीन कार्य डिजिटल रूप से संचालित होंगे। इससे फाइलों,



नोट्स और दस्तावेजों को डिजिटल माध्यम में संरक्षित किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। बेहतर कार्य कुशलताः सभी फाइलें और कार्य डिजिटल रूप से ट्रैक होंगे, जिससे समय की बचत होगी और कार्य जल्दी निपटेंगे। पारदर्शिता में वृद्धिः पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से किसी भी तरह की गड़बड़ी या भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम होगी। सुरक्षा सुनिश्चितः डिजिटल डेटा को संरक्षित रखने के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि नोटशीट, रिपोर्ट, पत्राचार आदि अब डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेंगे।

कार्यालयीन कार्य प्रबंधनः कार्यों को असाइन करने, ट्रैक करने और रिपोर्ट तैयार करने जैसी सभी गतिविधियाँ ऑनलाइन होंगी। संचार और सहयोगः विभागों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय संभव होगा, जिससे टीम वर्क और दक्षता में सुधार आएगा। ई-ऑफिस का व्यापक महत्वः यह प्रणाली जिले के सरकारी कार्यालयों में कामकाज की गुणवत्ता सुधारने में सहायक होगी। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत यह एक क्रांतिकारी कदम है जो प्रशासन को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा, इससे कार्यालयीन उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे नागरिकों को लाभ मिलेगा।

# आईडी ब्लास्ट और फायरिंग में सीआरपीएफ के दो जवान घायल

विजय मत, बीजापुर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर घातक हमला कर दिया। यह हमला उस समय हुआ जब सीआरपीएफ के जवान गश्त के बाद लौट रहे थे। इस दौरान नक्सलियों ने क्एऊ ब्लास्ट कर हमला किया और फिर फायरिंग शुरू कर दी। हमले में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं। घटना आवापल्ली थाना क्षेत्र के मुर्दोण्डा इलाके की है, जहां जवान रोड ओपनिंग ड्यूटी के लिए निकले थे। गश्त से लौटते समय जब जवान स्टेट हाईवे के पास स्थित कैंप के करीब पहुंचे,



तभी नक्सलियों ने पहले आईईडी विस्फोट किया और फिर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है और दोनों ओर से मुठभेड़ जारी है। घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है, और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टुकड़ियां घटनास्थल की ओर रवाना कर दी गई हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है ताकि नक्सलियों को घेरकर पकड़ा जा सके या उन्हें खदेड़ा जा सके।

## मंदिर में चढ़कर किया उत्पात, 2 लड़के गिरफ्तार

**विजय मत, बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में मुहर्रम जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाएं आहत करने वालों के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लिया है. मामले में हिंदू सगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ बीएनएस की धारा 353 (ग) समेत अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों का शहर में जूलूस भी निकाला। बता दें कि शहर में 6 जुलाई को मुहर्रम का जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जब जुलूस तारबाहर पहुंचा तो वहां शेर नाच में शामिल कुछ युवक माता के मंदिर की छत पर चढ़ गए और नाचने लगे।

# बीएड छात्रा की मौत, स्कूल बस ने कुचला

विजय मत, राजनांदगांव

शहर के बाहर आरके नगर चौराहे में मंगलवार सुबह एक स्कूली बस के चपेटे में आने से 28 साल की एक युवती की मौत हो गई। बस के नीचे आने से जख्मी युवती ने उपचार के ले जाने के दौरान अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। पुलिस ने स्कूली वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक बोरतलाव क्षेत्र के बुढ़ानछापर की रहने वाली त्रिलोका यादव (28 वर्ष) अपने बहन के बेटे लोकनाथ यादव के साथ रॉयल किड्स स्कूल में आयोजित बीएड की परीक्षा में शामिल होने के लिए शहर आ रही थी। इस बीच पीटीएस-रामकृष्ण चौक में स्थित




ट्रैफिक सिग्नल पाईंट में वह रूकी हुई थी। जैसे ही हरी बत्ती का सिग्नल हुआ, उसी दौरान गलत दिशा से आ रही अजीज पब्लिक स्कूल की बस ने मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवती मुंह के बल गिर गई। जिससे अत्याधिक रक्तस्राव होने के कारण उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे में मृतिका के भतीजे को हल्की चोट पहुंची है। पुलिस ने स्कूल वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मोटर एक्ट अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## कॉलोनी में लाश मिलने से फैली सनसनी, हत्या कर जलाया गया

**विजय मत, कोरबा।** महिला की अर्धनग्न जली हुई लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही बाकी मोगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। जांच के लिए फारेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्कॉट की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। यह घटना बाकी मोगरा थाना क्षेत्र के सोमवारी बाजार के पीछे कॉलोनी की है। बताया जा रहा कि महिला बुरी तरह से जल चुकी है। जली लाश पर लोगों की नजर पड़ने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस महिला की हत्या कर शव को जलाने की आशंका जता रही है। बाकी मोंगरा पुलिस महिला की शिनाख्ती में जुटी है।

## कुएं से मरे हुए मेंढकों को निकाल रहे थे पिता-पुत्र, करंट से दोनों की मौत

**विजय मत, बिलासपुर।** करंट की चपेट में आने से पिता और बेटे की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में भी हड़कंप मच गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना सीपत थाना क्षेत्र के ऊनी गांव की है। यहां पिता और बेटा कुएं में मरे मेढ़क को निकालने उतरे थे। इसी दौरान समर्सिबल पंप के खुले तार से करंट फैल गया। पानी में करंट फैलने की वजह से पिता-पुत्र उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही सीपत पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मारपीट के मामले में वायरल वीडियो के आधार पर दो आरोपी गिरफ्तार

विजय मत, रायपुर

राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में मारपीट की एक घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। मामला फाफाडीह शराब भट्ठी के पास का है, जहां दीपक सिंह चौहान नामक युवक के साथ पुरानी रंजिश के चलते बेसबॉल बैट से हमला किया गया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर धरपकड़ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी दीपक सिंह चौहान निवासी फोकटपारा, शास्त्री नगर, रायपुर, एस.एस. हार्डवेयर में मजदूरी करता है। 6 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 12:30 से 1:00 बजे के बीच



जब वह फाफाडीह शराब भट्ठी के पास गया, तभी जनक बघेल और कुणाल दीप नाम के दो युवकों ने उसे रोककर गाली-गलौज करते हुए बेसबॉल से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की शिकायत पर थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 122/25 के तहत धारा 118(1), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर पुलिस ने तत्काल एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के सहयोग से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को उनके संभावित ठिकानों से धरदबोचा। गिरफ्तार आरोपी कुणाल दीप पिता विनोद दीप, उम्र 19 वर्ष, निवासी काली नगर, वॉलटियर गेट, फाफाडीह, थाना देवेन्द्र नगर। जनक बघेल पिता मिठ्ठु बघेल, उम्र 25 वर्ष, निवासी त्रिमूर्ति नगर, उड़िया स्कूल के पास, थाना देवेन्द्र नगर। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बेसबॉल बैट भी जब्त कर लिया है।

इस कार्रवाई में शामिल टीम निरीक्षक जितेन्द्र एसैया, थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर, प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, एंटी क्राइम व साइबर यूनिट, उपनिरीक्षक मुकेश सोरी, प्र.आर. अनुप मिश्रा, सुनिल सिलवाल, रविकांत पाण्डेय, प्रमोद वर्ठी, संतोष सिन्हा, आशीष पाण्डेय, आशीष राजपूत, राहुल गौतम, प्रशांत शुक्ला, राकेश पाण्डेय, हिमांशु राठौड़, राजकुमार देवांगन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ट्रक से मोबाइल फोन-नगदी रकम चुराने वाला गिरफ्तार

विजय मत, रायपुर

ट्रक से मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार हो गया है। छगन लाल साहू ने थाना आरंग में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह ग्राम टेकारी (कुंडा) थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर में रहता है तथा चालक का कार्य करता है। प्रार्थी दिनांक 14/06/2025 को ट्रक क्रमांक सीजी/07/सी एम/4140 एवं उसका साथी ट्रक क्रमांक सीजी/07/सी एन/5240 में सीमेंट लेकर संबलपुर उडीसा गया था। दिनांक 18/06/2025 को जब प्रार्थी एवं उसका साथी अपने अपने ट्रक को लेकर हिरमी के लिए निकले तथा दिनांक 19/06/2025 को सुबह करीब 09.00 बजे आरंग के आगे कलई के तालाब के पास दोनों ट्रक को खडी कर नहा रहे थे, जिसके बाद तलाब से निकल कर देखे तो पाये की प्रार्थी तथा उसके कपड़े रखे हुए स्थान पर नही थे तथा कपड़ों में रखे मोबाईल फोन



एवं नगदी रकम चोरी हो गये थे। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी तथा उसके साथी के कपड़े, मोबाईल फोन तथा नगदी रकम चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 360/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। टीम के सदस्यों के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी हेमंत जाधव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा विधानसभा निवासी हेमंत जाधव की पता साजी कर पकड़ा गया, घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर आरोपी हेमंत जाधव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन जप्त किया गया है। आरोपी हेमंत जाधव पूर्व में फर्जी क्राईम ब्रांच अधिकारी बनकर लाखों रुपए के ठगी के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है। गिरफ्तार आरोपी - हेमंत जाधव पिता प्रहलाद जाधव उम्र 48 साल निवासी प्लॉट नंबर 612, सुमीत लैण्डस्केप सेमरिया थाना विधानसभा रायपुर।



## पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच थाने के अंदर से लैपटॉप चोरी

**विजय मत, कांकेर।** पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच थाने के अंदर से लैपटॉप चुरा ले गये। इस घटना के बाद से थाने के टीआई और पूरे स्टॉप की जमकर किरकिरी हो रही है। इधर, पुलिस अपनी लाज बचाने लैपटॉप चोर को जगह-जगह खोज रही है। बताया जा रहा है कि लैपटॉप थाने के पुलिसकर्मी का था। दरअसल, ये पूरा मामला भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र का है। 3 जुलाई को भानुप्रतापुर थाने के पीड़ित आरक्षक ने काम खतम करने के बाद अपने मेज के दराज में लैपटॉप रखकर रात साढ़े 9 बजे घर चले गये। अगले दिन सुबह थाने पहुंचे और दराज खोलकर देखे तो लैपटॉप गायब था। पुलिस थाने के अंदर से लैपटॉप चोरी होने की घटना आग की तरह पूरे थाने में फैल गई। पुलिसकर्मियों ने थाने के अंदर हर जगह लैपटॉप खोजना शुरू किया, लेकिन लैपटॉप नहीं मिला। थाने जैसे सुरक्षित जगह से पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच किसी ने लैपटॉप पार कर दिया। यह अपने आप में थाने के पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इधर, थाने के कांस्टेबल ने इसकी लिखित शिकायत कांकेर एसएसपी और थाने के टीआई से की है। साथ ही मामले में जाँच-कार्रवाई करने का अनुरोध किया हैं।

# महिला ने नशे में हाईवे किया जाम कई घंटों तक रुकी रही गाड़ियां

विजय मत, बलरामपुर

जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 343 पर सोमवार को अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला जब देवगई के पास एक नशे में धुत महिला ने बीच सड़क पर हंगामा कर दिया। महिला का यह ड्रामा इतना गंभीर था कि कई वाहन हाईवे पर फंस गए और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। जानकारी के अनुसार महिला सड़क के बीचोंबीच बैठ गई और वहां उत्पात मचाने लगी। वाहन चालकों ने पहले तो उसे



समझाने की कोशिश की लेकिन नशे में होने के कारण वह किसी की बात नहीं समझ पा रही थी। देखते ही देखते सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और स्थिति बिगड़ती चली गई। लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला को सड़क पर चिल्लाते और खुद को जबरदस्ती सड़क पर रोकते हुए देखा जा सकता है। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों और कुछ राहगीरों ने महिला को किसी तरह सड़क से हटाया और किनारे किया तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला कहां की निवासी है और वह इस स्थिति में कैसे वहां पहुंची।

## बीकॉम के छात्र ने सट्टे में पैसा हारने पर खाया जहर

**विजय मत, धमतरी।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एकता नगर कॉलोनी निवासी बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय वैभव साहू ने सोमवार को खिड़की टोला क्षेत्र में कीटनाशक जहर का सेवन किया। बताया गया है कि वैभव ने अपने गले की सोने की माला को धमतरी की एक ज्वेलरी दुकान में 35 हजार रुपये में गिरवी रखा था। उसने यह पूरी रकम ऑनलाइन सट्टा खेलने में गंवा दी थी। रकम हारने के बाद वह काफी तनाव में था और इसी सदमे में उसने जहर पी लिया।जहर सेवन करने के बाद राहगीरों की नजर वैभव पर पड़ी जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वैभव की अचानक मौत से परिजन और मोहल्ले के लोग गहरे सदमे में हैं।

हत्या की आशंका

# लापता युवक की लाश के पास मिली 3 जोड़ी चप्पल



विजय मत, बालोद

जिले के आमाडुला बांध क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब वहां एक 22 वर्षीय युवक का खून से सना शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान चिहरो निवासी प्रीत राम गोटा पिता हीरा राम गोटा के रूप में हुई है। युवक के चेहरे और शरीर पर धारदार हथियार से कई बार वार के निशान मिले। घटना के बाद मौके पर पहुंची डौंडी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक प्रीत राम के परिजनों के अनुसार, वह सोमवार दोपहर करीब 3 बजे घर पर मोबाइल छोड़कर दोस्तों के साथ मछली पकड़ने की बात कहकर निकला था। जब वह देर रात तक नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद शनिवार सुबह आमाडुला बांध किनारे मंशा राम मंडावी के खेत में उसका शव मिला। घटना स्थल पर तीन जोड़ी चप्पलें भी पड़ी मिली हैं, जिससे यह संदेह गहराया है कि घटना में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं।



## पैर फिसलने से किशोर की मौत चलते-चलते खेल रहा था फ्री फायर गेम

**विजय मत, बिलासपुर।** फ्री फायर गेम की वजह से एक किशोर की मौत हो गई। गेम में खोया किशोर फिसलकर सड़क पर गिर गया। इस हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना चकरभाठा की है। जानकारी के मुताबिक दोस्तों के साथ सड़क पर घूमते हुए चकरभाठा के वाले रहने वाले 14 वर्षीय आदित्य लखवानी फ्री फायर गेम खेल रहा था। इस दौरान वह सड़क पर फिसलकर गिर गया।

सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दोस्तों और मृतक के भाई राहुल भयानी ने गेम की वजह से ध्यान बंटने की बात कही है। मृतक के भाई राहुल भयानी ने बताया, हम लोग सड़क पर घूमते हुए फ्री फायर खेल रहे थे। इस दौरान आदित्य का पैर फिसलने से वह सिर के बल गिरा। उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास बिल्हा लेकर गए, वहां से सिम्स रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि बचपन से ही आदित्म को फ्री फायर खेलने की लत लग गई थी।

## चाचा से लड़ाई होने के बाद भतीजे ने किया सुसाइड

**विजय मत, रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर क्षेत्र के ग्राम भाला से लापता विशाल कुशवाहा पिता राम विचार कुशवाहा 19 वर्ष का शव ग्राम चिनिया के कन्हर नदी में बरामद किया गया। शुक्रवार को वह चाचा के साथ हुए विवाद के बाद बुलेट लेकर निकला था। इसके बाद उसकी बुलेट नगर के पर्यटन स्थल पलटन घाट से बरामद हुई थी। जानकारी के अनुसार विशाल कुशवाहा की शुक्रवार को अपने चाचा से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह अपने मोबाइल को पटक कर तोड़ दिया और बुलेट लेकर घर से निकल गया। स्वजन की उसकी तलाश में निकले, इसी दौरान उसकी बुलेट पर्यटन स्थल पलटन घाट में लावारिस स्थिति में मिली थी। इस बीच चिनिया स्थित कन्हर नदी में विशाल का शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि कन्हर नदी में बाढ़ के दौरान उसने पलटन घाट में छलांग लगा दी। इसके बाद बाढ़ के पानी में बहकर उसका शव चिनिया स्थित कन्हर नदी में मिला। रामानुजगंज थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि शव की शिनाख्त विशाल के रूप में की गई है। पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया गया है।

# एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की शहादत में शामिल नक्सली सोढ़ी गंगा गिरफ्तार

विजय मत, सुकमा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में 9 जून को हुए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए एडिशनल एसपी आकाश राव गिरपुंजे की शहादत से जुड़े मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। राज्य अन्वेषण एजेंसी ने इस घटना में शामिल एक नक्सली सोढ़ी गंगा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि 9 जून को कोंटा-गोलापल्ली मार्ग पर पुलिस टीम तलाशी अभियान पर निकली थी, तभी नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी ब्लास्ट में अरढ आकाश राव गिरपुंजे मौके पर शहीद हो गए थे, जबकि SDOP कोंटा भानुप्रताप चंद्राकर और थाना प्रभारी सोनल ग्वाला गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस हमले की जांच में जुटी SIA ने हाल ही में



कोंटा क्षेत्र से सात संदिग्धों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन और आंध्र प्रदेश के सिम कार्ड भी बरामद हुए। गहन पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर नक्सली सोढ़ी गंगा को इस हमले में मुख्य रूप से दोषी पाया गया। उसने स्वयं घटना में संलिप्त होने की बात कबूली है और साथ ही इस हमले में शामिल अन्य नक्सलियों की जानकारी भी दी है। SIA अब इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर चुकी है।


## तेलीबांधा पुलिस ने युवा कांग्रेस के नेता को किया गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ की ठगी करने वाले पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी केके श्रीवास्तव को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है। अब इस मामले में रायपुर पुलिस ने दूसरी बड़ी गिरफ्तारी की है। तेलीबांधा पुलिस ने केके श्रीवास्तव को भगाने में मदद करने वाले युवा कांग्रेसी नेता आशीष शिंदे को गिरफ्तार किया है। कांग्रेस युवा नेता से तेलीबांधा थाने में पूछताछ की जा रही है। पूछताछ खतम होने के बाद रायपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। मालूम हो कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी रहे केके श्रीवास्तव को पुलिस ने रिमांड खत्म होने पर 7 जुलाई को अदालत में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड में भेजा है।

# ब्लैकमनी का लेनदेन करने वाला आरोपी गिरफ्तार, एयरपोर्ट में पुलिस की कार्रवाई

विजय मत, केशकाल

साइबर अपराध को लेकर फरसगांव पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। साइबर ठग ठगी करने के नए-नए पैतरें अपनाते है जिसमे कोई न कोई व्यक्ति फंस जाता है। वहीं पैसे के लालच में भी आमजनता उन जैसे ठगों के झांसे में आ ही जाती है। उसी तरह अब गरीब तपते के लोगो के बैक एकाउंड को किराए में ले रहे हैं और उसमे लाखो, करोड़ो रुपए ब्लैकमनी को ट्रांजेक्शन कर रहे, लेकिन ऐसे ठगों पर भी फरसगांव पुलिस कड़ी कार्यवाही कर रही है। जी हां म्युल एकाउंड को लेकर छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिला अंतर्गत फरसगांव पुलिस ने पहली बार फोर लेयर तक



कार्यवाही करते हुए 5 अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 11 राज्यो के कुल 17 अलग अलग स्थानों पर एक करोड़ सत्तर लाख के साइबर फ्रॉड मामले दर्ज हुए हैं। आप भी ये जान कर हैरान हो जायेगे कि थ्री लेयर के आदमी कभी भी 4 लेयर के आदमी नहीं देखा, सिर्फ व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से ही चर्चा करते थे। फरसगांव एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि, कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हम लोगो का अलग अलग तीन टीम तैयार की गई थी। फरसगांव पुलिस को 4 म्युल एकांउट को लेकर 4 शिकायते प्राप्त हुई थी। टीम गठित कर बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग-भिलाई भेजी गई। पहले लेयर के आरोपी भावेश तारम को गिरफ्तार कर विस्तृत पूछताछ कर दूसरे और तीसरे लेयर के शातिर आरोपियों के बारे में मत्वपूर्ण जानकारी जुटाई गयी। वहीं म्युल एकाउंड को लेकर फरसगांव थाना में तीन और अपराध दर्ज किया गया। जांच में पाया गया कि, चारो अपराध आपस मे जुड़ने लगे, जिससे साबित हो गया था एक ही समूह के अपराधियों के द्वारा इन अपराधों को अंजाम दिया गया।

## योगराज बोले-टीम को बेहतर बना रहे गंभीर, शुभमन की भी प्रशंसा की



**चंडीगढ़, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम के कप्तान शुभमन गिल की प्रशंसा की है। योगराज ने कहा कि अब गंभीर के आलोचकों को जवाब मिल गया होगा। उन्हें ये मानना होगा कि कोच टीम को बेहतर ही बना रहे हैं। टीम ने जिस प्रकार का प्रदर्शन करते हुए विदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उससे ये बात साबित होती है। योगराज ने ये बातें दूसरे टेस्ट में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम को मिली 336 रनों की बड़ी जीत के बाद कही हैं।

वहीं पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। उस हार के बाद गंभीर पर कई लोगों ने निशाना साधा था। योगराज ने कहा, खिलाड़ियों के खिलाफ बातें करना भी गलत है जबकि देखा जाये तो खिलाड़ी लगातार बेहतर हो रहे होंगे। खिलाड़ी निखर रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए किसी खिलाड़ी को लेकर ये कहना कि उसे बाहर करे, या उसे क्यों लिया गया नहीं कहना चाहिए।

योगराज का मानना है कि गौतम गंभीर, युवराज सिंह और राहुल द्रविड़ जैसे पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय क्रिकेट को कुछ न कुछ दे रहे हैं, इसलिए उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। योगराज ने कहा, गंभीर के बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए।

## टीम को बुमराह का सामना करने तैयार रहना होगाः स्टोक्स



**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने मना है कि अब तीसरे टेस्ट में उनकी टीम को जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी का सामना करने तैयार रहना होगा। बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। इसके बाद भी मेजबान टीम को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अब स्टोक्स तीसरे टेस्ट में कोई कसर नहीं रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथियों को लॉर्ड्स में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज की विविधता के लिए तैयार रहना होगा हालांकि उन्होंने स्वीकार किया है कि बुमराह जैसे गेंदबाजी नेट्स में नहीं की जा सकती है। इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से हार का सामना करना पड़ा थ। वहीं बुमराह 10 जुलाई से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने इसी को लेकर कहा, ' हम एक-दूसरे के खिलाफ इतनी बार खेलते हैं जिससे आपको पता होता है कि आपका सामना किससे होगा इसलिए आप ट्रेनिंग के दौरान उसी को लेकर अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा, 'कोच और ट्रेनर के साथ आप जो कर सकते हैं उसे करने के प्रयास करें, क्रीज पर बाहर की तरफ से गेंदबाजी का सामना करें।

## क्या आईसीसी वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप में पीसीबी को जगह मिलेगी?

**दुबई, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की योजना विश्व की लोकप्रिय टी20 क्रिकेट लीग की टीमों के बीच वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप का आयोजन करना है। इसमें पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को शायद ही शामिल किया जाये। इसका कारण ये है कि इस इवेंट के लिए हुई बैठक में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपना प्रतिनिधि नहीं भेजा था जबकि उसे आमंत्रण दिया गया था जिसके बाद से ही आईसीसी उससे नाराज है।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजन इस बैठक में प्रमुख टी20 फ्रेंचाइजी-आधारित लीगों के सीईओ शामिल हुए थे। इस , ÷बैठक में प्रस्तावित वर्ल्ड क्लब्स चैंपियनशिप, इसकी विंडो, फॉर्मेट, शेड्यूल आदि पर बात हुई थी। इसमें एमिरेट्स लीग, बिग बैश लीग, द हंड्रेड, एस20, एलएलसी, कैरेबियन प्रीमियर लीग आदि के सीईओ शामिल हुए थे।

शुरुआत में वर्ल्ड क्लब्स इवेंट में पांच टीमें होंगी हालांकि इसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कोई टीम भाग नहीं लेगी पर उसे पीएसएल का समर्थन रहेगा। वर्ल्ड क्लब्स चैंपियनशिप को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे कि प्रस्तावित सऊदी क्रिकेट लीग का मुकाबला किया जा सके। सऊदी लीग को 400 मिलियन डॉलर की के साथ निजी निवेशक शुरु करने का प्रयास कर रहे हैं। वे हर साल टेनिस ग्रैंड स्लैम इवेंट्स की तर्ज पर अपनी लीग को आयोजित करना चाहते है।

## क्रॉली भाग्यशाली है जो अब तक टीम में हैंः वॉन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टीम के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जतायी है और कहा है कि किस्मत अच्छी होने के कारण ही वह अब तक टेस्ट टीम में बने हुए हैं। क्रॉली का इस सीरीज में अब तक के दोनो ही मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इसके साथ यह भी सुझाव दिया कि क्रॉली को भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी रणनीति को देखकर अपने खेल कौशल में सुधार करना चाहिए।

### शुभमन से उन्हें सीखने की जरुरत



वॉन ने सोशल मीडिया में लिखा, ''पिछले कुछ सालों में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने प्रशंसकों को निराश किया है। इनमें मैं भी शामिल हूं वह क्रॉली सबसे ज्यादा निराश करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें मैं याद कर सकता हूं। जब से मैंने इंग्लैंड की क्रिकेट को करीब से देखा है तब से वह सबसे भाग्यशाली खिलाड़ी है जिसे लगातार विफल होने के बाद भी इतने अधिक टेस्ट मैच खेलने को मिले।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए कि उन्होंने 56 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने केवल पांच शतक बनाए हैं और उनका औसत 31 का है। टेस्ट इतिहास में 2,500 से अधिक रन बनाने वाले सभी सलामी बल्लेबाजों में उनका औसत सबसे कम 30.3 है।''

वॉन ने गिल का उदाहरण देते हुए कहा, ''बदलाव संभव है। शुभमन को ही देख लीजिए। इस सीरीज से पहले उनका औसत 35 था और अब और चार पारियों के बाद उनका औसत 42 है। उन्होंने अपनी मानसिकता और रणनीति के कारण ऐसा किया है।

## लॉर्ड्स टेस्ट में बुमराह की वापसी तय सुंदर की जगह शार्दूल को मौका संभव

### इंग्लैंड से आर्चर-एटकिंसन खेल सकते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने बर्मिंघम टेस्ट को 336 रन से जीतकर वापसी की। इससे पहले भारत को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। 5 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में 10 से 14 जुलाई तक खेला जाएगा। क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस मैदान की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, लेकिन पिछले महीने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के आखिरी तीन दिन बैटर्स को भी मदद मिली थी।

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलियन बॉलर्स के खिलाफ 3 सेशन में 282 रन का टारगेट चेज करके वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का टाइटल जीता। 11 से 14 जून के बीच खेले गए इस मुकाबले के शुरुआती ढाई दिनों में तीन पारियां खत्म हो गईं। इसके बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती गई। भारत-इंग्लैंड तीसरे टेस्ट के लिए भी इसी तरह के



कंडीशंस देखने को मिल सकती हैं।

भारतीय बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की गुंजाइश न के बराबर है। सीरीज में चार भारतीय बैटर्स 200 से ज्यादा रन बना चुके हैं। ओपनर्स अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। पिछले दो मैचों में भारत की ओपनिंग जोड़ी 456 रन बना चुकी हैं। यशस्वी जायसवाल ने एक शतक और एक फिफ्टी के सहारे 220 रन बनाए हैं, जबकि केएल राहुल ने 236 रन बनाए हैं। उनके नाम भी एक शतक और एक अर्धशतक है।

इन दोनों के अलावा, कप्तान शुभमन गिल 3 शतक के सहारे 585 रन बनाकर सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उप कप्तान ऋषभ पंत ने दो शतक सहित 342 रन बनाए हैं।

ऑलराउंडर्स में एक बदलाव संभव, सुंदर की जगह शार्दूल को मौकारवींद्र जडेजा ने बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 89 और नाबाद 69 रन बनाए थे। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में अहम मौके पर बेन स्टोक्स का विकेट दिलाया था। ड्ब्लूटीसी फाइनल में लॉर्ड्स की पिच का बिहेवियर देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह शार्दूल ठाकुर को मौका दिया जा सकता है।

पिछला मैच जीतने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की पुष्टि की है। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लाया जा सकता है। प्रसिद्ध पिछले मैच में 111 रन देकर एक भी विकेट ही ले सके थे। मोहम्मद सिराज दूसरे और आकाश दीप तीसरे पेसर होंगे।

## यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया, वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके

### सीरीज 3-2 से भारत ने जीती

**वॉर्सेस्ट, एजेंसी**

भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

भारत की खराब शुरुआत, कप्तान आयुष एक रन ही बना सके भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन ) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला।

यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन



की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए। आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और टीम के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स फ्रैंच और राल्फी एलबर्ट ने 2-2 विकेट झटके। मैथ्यू फिरबैंक, सेबस्टियान मॉर्गन, एलेक्स ग्रीन और एकांश सिंह को एक-एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82 रन, बीजे डॉकिन्स के 66 रन और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े।

# बिजनेस

## घरेलू वेज थाली जून में 8 प्रतिशत सस्ती हुई, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर

### नॉन-वेज थाली की कीमत में भी 6 प्रतिशत गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8 प्रतिशत घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून -2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की



कीमत मई की तुलना में जून में 3 प्रतिशत बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।

### आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से वेज थाली के दाम घटे

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24 प्रतिशत घटकर 32 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। प्याज के दाम में 27 प्रतिशत और आलू के भाव में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।

*नॉन-वेज थाली भी 6 प्रतिशत सस्ती हुई... वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4 प्रतिशत बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।*

### चिकन के प्राइस गिरने से नॉन वेज थाली की कीमत घटी?

नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की गिरावट के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। वहीं, सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 19 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 6 प्रतिशत बढ़ी है, नहीं तो दोनों थाली और भी सस्ती हो सकती थी।

## सोना की कितों में गिरावट चांदी की कीमतों में उछाल



■ सोने के भाव 97,100 रुपए, जबकि चांदी लगभग 1,08,400 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत नरमी के साथ हुई जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मंगलवार को सोने के भाव 97,100 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,08,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन सोने के भाव बाद में गिर गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 98 रुपये की गिरावट के साथ 97,172 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,270 रुपये था। फिलहाल यह ~152 रुपये की गिरावट के साथ 97,118 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 177 रुपये की तेजी के साथ 1,08,498 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,321 रुपये था। अभी यह 117 रुपये की तेजी के साथ 1,08,438 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,348.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,342.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,341.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.95 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.90 डॉलर था।

## सेंसेक्स 270 अंक ऊपर 83,713 पर बंद, निफ्टी 61 अंक चढ़ा

### बैंकिंग और रियल्टी शेयरों में तेजी, फार्मा और हेल्थकेयर में गिरावट रही

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 270.01 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,712.51 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी इंडेक्स भी 61.20 अंकों की तेजी के साथ ही 25,522.50 अंकों पर बंद हुआ। गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि शेष सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। इसी प्रकार निफ्टी की 50 में से 27 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही ऊपर आये जबकि शेष सभी 23 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 3.40 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि टाइटन के शेयर आज सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज एशियन पेंट्स 1.69 फीसदी , एनटीपीसी 1.64 फीसदी , बीईएल 1.20 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.94 फीसदी , एसबीआई 0.72 फीसदी , एचडीएफसी बैंक 0.72 फीसदी , इंफोसिस 0.69 फीसदी , एलएंडटी 0.68 फीसदी , टेक महिंद्रा 0.64 फीसदी , टाटा मोटर्स 0.64 फीसदी , पावरग्रिड 0.63 फीसदी , अल्ट्राटेक सीमेंट 0.55 फीसदी , बजाज फिनसर्व 0.54फीसदी , आईसीआईसीआई बैंक 0.42 फीसदी , बजाज फाइनेंस 0.31 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर ट्रेंट के शेयर में 1.12 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.85 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.81 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.72 फीसदी, सनफार्मा 0.41 फीसदी, टाटा स्टील 0.28 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.16 फीसदी, टीसीएस 0.16 फीसदी, भारती एयरटेल 0.11 फीसदी, एचसीएल टेक 0.11 फीसदी।

इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों में बढ़त के बीच ही घरेलू बाजार गिरावट के साथ लगभग सपाट स्तर पर खुला। अमेरिकी व्यापार नीतियों पर अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया । सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 83,387.03 पर खुला जो 10.05 अंक की गिरावट लेकर 83,432.45 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में लगभग सपाट लेवल 25,427.85 पर खुला । एशियाई बाजार मिलीजुली शुरुआत के बाद बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। जापान के निक्केई 225 बेंचमार्क में 0.21 फीसदी की बढ़त रही।

## मोबाइल प्लान होंगे महंगे, मीडियम और प्रीमियम यूजर्स होंगे प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मोबाइल यूजर्स के लिए साल के अंत तक टैरिफ का झटका आ सकता है। टेलीकॉम कंपनियां कॉल और डेटा प्लान में 10-12 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से मीडियम और हाई-वैल्यू ग्राहकों पर केंद्रित होगी, जबकि लो-वैल्यू यूजर्स पहले ही कीमतों की मार झेल चुके हैं। मई 2025 में देश में 74 लाख नए एक्टिव यूजर्स जुड़े, जो पिछले 29 महीनों में सबसे बड़ी मासिक वृद्धि है। यह लगातार पांचवां महीना है जब यूजर बेस में इज़ाफा हुआ है। इससे कंपनियों को टैरिफ बढ़ाने का आत्मविश्वास मिला है। जुलाई 2024 में कंपनियों ने बेस प्लान में 11 से 23 फीसदी तक की बढ़ोतरी की थी, जिसके चलते



2.1 करोड़ यूजर्स ने सेवाएं छोड़ दी थीं। हालांकि, अब एक बार फिर यूजर ग्रोथ तेज हो गई है, जिससे कंपनियां दोबारा कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। रिलायंस जियो ने मई में सबसे ज्यादा 55 लाख नए एक्टिव यूजर्स जोड़े और उसका बाजार शेयर 53 फीसदी तक पहुंच गया। वहीं एयरटेल ने 13 लाख नए यूजर्स जोड़कर 36 फीसदी हिस्सा हासिल किया। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कंपनियां केवल प्लान की कीमत नहीं बढ़ाएंगी, बल्कि डेटा लिमिट घटाकर अप्रत्यक्ष रूप से भी टैरिफ महंगे कर सकती हैं।

## अब यूपीआई ऐप खोले बगैर स्मार्ट उपकरण से कर सकेंगे भुगतान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की तत्काल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का स्मार्ट अपग्रेड करने की योजना बनाई गई है। इससे बैंकिंग ऐप या यूपीआई ऐप खोले बगैर आपके स्मार्ट उपकरण जैसे टीवी, स्मार्टवॉच, कार आदि से भुगतान हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) यूपीआई का इंटरनेट-ऑफ-थिंग्स (आईओटी) तैयार संस्करण विकसित कर रहा है जो स्मार्ट उपकरणों, वेयरेबल आइटम, कनेक्टेड मोबिलिटी आदि के माध्यम से स्वचालित भुगतान की सुविधा प्रदान करेगा। घटनाक्रम से अवगत दो सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। इस अपग्रेड के साथ रेफ्रिजरेटर,




वॉशिंग मशीन, कनेक्टेड कार और यहां तक कि स्मार्टवॉच जैसे स्मार्ट उपकरण खुद से यूपीआई भुगतान कर देंगे। फिलहाल उपयोगकर्ता मोबाइल फोन का उपयोग करके यूपीआई लेनदेन करते हैं। नए फीचर उपकरणों को एक अलग वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग करके भुगतान प्रोसेस करने की सुविधा मिलेगी और यह उपयोगकर्ता की प्राथमिक यूपीआई आईडी से जुड़ा होगा।

दैनिक विजय मत
www.vijaymat.com
रायपुर, बुधवार 09 जुलाई



## सार समाचार

### युवा कांग्रेस नेता आशीष शिंदे गिरफ्तार



रायपुर (विजय मत)। राजधानी की तेलीबांधा पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता आशीष शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी तांत्रिक केके श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद की गई है। बताया जा रहा है कि शिंदे ने केके को फरार कराने में मदद की थी। इसके अलावा आरोपी केके श्रीवास्तव को अपनी गाड़ी में लगातार घुमा रहा था। अपना राजनीतिक वजूद बताकर भी कांग्रेस कार्यकाल में कुछ लोगों से पैसे लेने के आरोप लगे थे,शिंदे को एक पूर्व विधायक का करीबी भी बताया जाता था। बता दें शिंदे काफी दिनों से फरार चल रहा था। एक जमीन के पुराने मामले में भी शिंदे के खिलाफ पंडरी मोवा थाने में अपराध दर्ज है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

### श्रम कल्याण केन्द्रों का होगा उन्नयन



रायपुर (विजय मत)। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है।

# मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिले के कलेक्टरों को लिखा पत्र

**● न्यायालय में अभियुक्तों और साक्षियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, त्वरित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने अभियुक्तों एवं साक्षियों की अदालतों में यथासंभव श्रव्य-दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों (अ४ङ्घि-श्रीङ्ग ए'ङ्मि३१ङ्मल्लू टींल्ल२) के माध्यम से उपस्थिति एवं परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर लिखा, आमतौर पर यह देखने में आ रहा है कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में अभियुक्तों एवं साक्षियों के परीक्षण के लिए उन्हें व्यक्तिगत



रूप से आहूत किया जाता है। जेल से अभियुक्तों और आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित कराने की प्रक्रिया में अत्यधिक समय और बल की आवश्यकता होती है। कभी-कभी अभियुक्तों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार चिकित्सक, बैंककर्मी और अन्य लोक सेवकों के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से न सिर्फ उनका लोक कृत्य प्रभावित होता है बल्कि शासन पर उनके आवागमन के व्यय का अतिरिक्त भार भी पड़ता है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभियुक्तों एवं साक्षियों की न्यायालय में श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

इसलिए अभियुक्तों और साक्षियों की न्यायालय में यथासंभव श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायालय की अध्यक्षता में होने वाली मॉनिटरिंग समिति की बैठक के एजेंडा में शामिल कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।



राज्यपाल रमेन डेका ने नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य भेंट की।



गृह मंत्री अमित शाह से राज्यपाल रामेन डेका ने की सौजन्य भेंट

**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का राष्ट्रपति मुर्मू के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल**

# कांग्रेस के डीएनए में जमी घोर-आदिवासी विरोधी मानसिकता को उजागरकरता है : किरण देव

**विजय मत, रायपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए आपत्तिजनक शब्दों की कड़ी निंदा की। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए बयान, कांग्रेस के डीएनए में जमी घोर-आदिवासी विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

कांग्रेस बार-बार संविधानिक पदों और संवैधानिक संस्थानों का अपमान करती है, चाहे वह राष्ट्रपति हों, प्रधानमंत्री हों या उपराष्ट्रपति। श्री देव ने राहुल गांधी को कांग्रेस के नेताओं के बयानों का जिम्मेदार ठहराया और सवाल किया कि क्या खड़गे जी अपने बयान के लिए लिखित माफी देंगे? देश की जनता इस अपमान को कभी स्वीकार नहीं करेगी और कांग्रेस को इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के





राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। यह दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में आदिवासी विरोधी मानसिकता गहराई से समाई हुई है। इससे पहले भी कांग्रेस ने दलित समुदाय से आने वाले पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी का अपमान किया था। कांग्रेस पार्टी में दलित विरोधी मानसिकता व्याप्त है। संविधान को हाथ में लेके चलने वाले राहुल गांधी के इशारे पर रिमोट कंट्रोल वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। आज पूरा देश, हर नागरिक, आदिवासी समाज, दलित समाज और महिलाएं इस बयान की निंदा कर रहे हैं। खड़गे जी ने माननीय राष्ट्रपति के नाम को अशोभनीय तरीके से बोलते हुए कहा कि ह्लमुरमा जी को हमने राष्ट्रपति बनाया।ह्व उन्होंने ह्यआदरणीयह्व या ह्यमाननीयह्व नहीं कहा, न ही ह्यद्रौपदी मुर्मूह्व जी कहा। इसी तरह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी के नाम को अशोभनीय तरीके से संबोधित किया और कहा कि ₹हमने राष्ट्रपति बनाया, क्यों बनाया? हमारे लिए बनाया? हमारी संपत्ति छीनने के लिए बनाया? हमारे जंगल छीनने के लिए बनाया?₹ श्री देव ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी राष्ट्रपति जी को ह्यभूमाफियाह्व तक कह देते हैं। कहते हैं कि क्या उन्हें हमारी संपत्ति और जंगल छीनने के लिए बनाई गई हैं?

क्या ये आदिवासी विरोधी, दलित विरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधी बयान राहुल गांधी के निर्देश पर हो रहे हैं? आज पूरा देश इन बयानों पर थू-थू कर रहा है। राहुल गांधी राजनीति में इतना जहर क्यों घोल रहे हैं? यह किस प्रकार की विषैली राजनीति है? क्या इससे संविधान की मयार्दा तार-तार नहीं हो रही?

# जेपी नड्डा की मंत्री विधायकों को नसीहत जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश, भ्रष्ट मंत्रियों पर कार्यवाही क्यों नहीं?

**विजय मत, रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंत्री और विधायकों को ठेकेदारों से दूर रहने की जो हिदायत दी है वह सिर्फ राजनीतिक नौटंकी है भाजपा सरकार से त्रस्त जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। जब नड्डा को पता है कि उनके मंत्री और विधायक ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं, कमीशन और भ्रष्टाचार की काली कमाई में भाजपा के मंत्री विधायकों की हिस्सेदारी है। ऐसे में वह भ्रष्ट मंत्री और विधायकों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं करते हैं?

भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, कोई भी काम बिना लेनदेन के होता नहीं है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के विभाग में करोड़ों रुपए का दो पूल का निर्माण बिना टेंडर चाहते ठेकेदारों को दिया गया। मंत्री टँक राम वर्मा पर तहसीलदार के ट्रांसफर में करोड़ों रुपए लेनदेन का आरोप लगा। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पर भारी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विभाग में 40





करोड रुपए की सामान खरीदी में गड़बड़ी हुई है। मंत्री ओपी चौधरी 6 अधिकारियों की भ्रष्टाचार की फाइल बनाने के बाद उन पर कार्यवाही नहीं करते हैं, बल्कि उन्हें संरक्षण देते हैं, इन्हें अब तक पद से क्यों नहीं हटाया गया?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा, चंद ठेकेदार और उद्योगपति मिलकर लूट के लिये संगठित गिरोह चला रहे है। देश देख रहा है किस प्रकार से केंद्र की भाजपा सरकार दो उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है वही स्थिति राज्य में भी है। भाजपा अगर चंद ठेकेदारों और उद्योगपतियों का साथ छोड़ दे तो भारतीय जनता पार्टी अधूरी होगी। इन्हीं की काली कमाई से तो भाजपा चुनाव लड़ती है। मोदी की सभा के लिए भीड़ जुटती है सोशल मीडिया का संचालन करती है अराजकता फैलती है। प्रदेश में जिस प्रकार से अदानी को सरगुजा से लेकर बस्तर तक की जंगलों की कटाई की छूट दी गई है प्रदेश के खनिज संसाधनों को लूटने की परमिशन दी गई है यह भाजपा कि भ्रष्टाचार की निशानी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान भी छत्तीसगढ़ को लूट गया और छत्तीसगढ़ के गरीब जनता बेहाल रही। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भाजपा कर समिति के बैठक में भाजपा नेताओं को एक साल के लिए कमीशन खोरी बंद करने और 30 साल तक राज करने की नसीहत दी थी। 17 महीने में फिर एक बार कमीशन खोरी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और भाजपा के केंद्रीय नेता भी इसमें शामिल है।

# स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से मनेंद्रगढ़ जिले को एक मिली बड़ी सौगात

**● मनेंद्रगढ़ को मिली सेंट्रल लाइब्रेरी की सौगात, 441 लाख की लागत से होगा निर्माण**

**विजय मत, रायपुर**



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सतत प्रयासों से मनेंद्रगढ़ जिले को एक बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर क्षेत्र में सेंट्रल लाइब्रेरी सहित रीडिंग जोन के निर्माण के लिए 441.49 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के तहत नगर पालिक निगम चिरमिरी में 250 सीटों की क्षमता वाली आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा पुस्तक प्रेमियों को बेहतर अध्ययन सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी न केवल युवाओं के करियर निर्माण में सहायक होगी, बल्कि ज्ञान आधारित समाज की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी में आधुनिक सुविधाएं, डिजिटल अध्ययन सामग्री और शांत रीडिंग जोन की व्यवस्था की जाएगी। यह विकास कार्य क्षेत्रीय समानता और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों में इस घोषणा को लेकर खुशी की लहर है।

# स्वतंत्रता दिवस के आयोजन हेतु शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

**● राजधानी रायपुर में होगा मुख्य समारोह, मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण एवं जनता के नाम संदेश का प्रसारण**

**विजय मत, रायपुर**

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को प्रदेशभर में गरिमापूर्ण एवं भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से शासन स्तर पर आवश्यक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में बीते दिनों राज्य स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वातावरण में किया जाए।

राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9



बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा जनता के नाम संदेश देंगे। समारोह में संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया जाएगा।

रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह की परेड का दायित्व पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधीन रहेगा। परेड में बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., सआईएसएफ., आई.टी.बी.पी., एस.एस.बी., छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला एवं पुरुष), नगर सेना, एन.सी.सी. कैडेट्स आदि की टुकडियाँ सम्मिलित होंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पदक एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके लिए विभागों को जूरी गठित कर 29 जुलाई 2025 तक चयनित नामों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवाना होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य समारोह में जनता के नाम संदेश देंगे। यह संदेश दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से पूरे प्रदेश में प्रसारित किया जाएगा। मुख्य समारोह पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति आधारित समूह-नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जूरी का गठन किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल पर ही पुरस्कार वितरण होगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त रायपुर को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह व्यवस्था के संबंध में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

प्रदेश के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों पर 15 अगस्त की रात प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। निजी संस्थानों से भी ध्वजारोहण एवं रोशनी करने की अपील की गयी है। जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों और प्रदर्शनी के आयोजन हेतु कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा।

# किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 4869.13 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है।

इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7800 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य का लगभग 62.42 प्रतिशत है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 4917.29 करोड़ रूपए के



अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए थे। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों को प्रारंभिक जरूरतों के लिए न सिर्फ राहत मिली है, बल्कि फसलों के उत्पाद में लगातार वृद्धि हो रही है।

**किसानों को 8.35 लाख मीट्रिक टन खाद और 5.76 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित**

# प्रदेश में मानसून के साथ खेती-किसानी का कार्य जोरों पर

**● मुख्यमंत्री साय के निर्देशः किसानों को उनकी मांग के अनुरूप सुगमता से मिले खाद-बीज**

**विजय मत, रायपुर**

प्रदेश में मानसून के साथ ही खेती-किसानी का काम जोरों पर है। प्रदेश में अब तक 24.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है जो लक्ष्य का 49 प्रतिशत है। इस खरीफ सीजन में 48.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किसानों को खेती-किसानी में सहुलियतें प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग करने संबंधित अधिकारियों निर्देशित किए गए हैं। उन्होंने किसानों को उनकी मांग के अनुसार सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण करने के निर्देश दिए हैं। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश के किसानों को अब तक 8.35 लाख मीट्रिक टन खाद और 5.76 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों



ने बताया कि प्रदेश में मानसून की बौछारों के साथ शुरू हुए खेती-किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है। राज्य में अब तक 24.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि 07 जुलाई 2025 की स्थिति में प्रदेश में अब तक 291.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1238.7 मिमी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ 2025 के लिए प्रदेश में 4.95 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें समस्त स्त्रोतों से 7.22 लाख क्विंटल बीज का भंडारण कर अब तक 5.76 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया गया है, जो मांग का 116 प्रतिशत है। जबकि खरीफ वर्ष 2024 में राज्य में बीज निगम से 4.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया गया था।

इसी प्रकार प्रदेश में इस खरीफ सीजन में 14.62 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 12.60 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 8.35 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 57 प्रतिशत है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खाद-बीज वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही सोसायटियों में पर्याप्त खाद-बीज का भण्डारण कर सतत निगरानी करने को कहा गया है।

# नैनो डीएपी किसानों के लिए ठोस डीएपी उर्वरक का स्मार्ट विकल्प

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। खरीफ 2025 के दौरान डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने इसके व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण एवं वितरण की विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का भी लक्ष्य से अधिक मात्रा में भंडारण कराया गया है। खेती में ठोस डीएपी उर्वरक की कमी को पूरा करने के लिए किसानों को उसके विकल्प के अनुरूप कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुरूप नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

नैनो डीएपी एक आधुनिक, किफायती और प्रभावशाली तरल उर्वरक है, जो पारंपरिक डीएपी की तुलना में कहीं अधिक उपयोगी और पोषक तत्वों से भरपूर है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के वैज्ञानिकों ने नैनो डीएपी का समर्थन करते हुए कहा है कि इसके उपयोग से खेती की लागत में कमी आती है। नैनो डीएपी खेत में पोषण की कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है और उत्पादन की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। नैनो डीएपी पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997